इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
किडनी एवं मूत्र विशेषज्ञ
डॉ. तरुण ध्रुव
MBBS, FID, CCIDS, FIN
CONSULTING PHYSICIAN
IN NEPHROLOGY

डायलिसिस व सभी प्रकार के पथरी का इलाज उपलब्ध
प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार
समय: सुबह 9:30 से 11:30
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 9301033013, 9752899208



### नवमी : सिद्धिदात्री



## पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति से जेल में मारपीट

लखनऊ। यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रजापति की जेल में एक सफाईबंदी से कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी ज्यादा बढ़ गई कि उसने लोहे की एक पटरी से उन पर वार कर दिया। इस घटना में उन्हें मामूली चोट आई है। डीजी जेल पीसी मीना ने जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना देर शाम घटी। हालांकि गायत्री प्रजापति के सिर पर लगी चोट गंभीर नहीं है। जरूरी उपचार के बाद वह स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। उन्हें जेल से बाहर अस्पताल ले जाने की जरूरत नहीं हुई। मालूम हो कि गायत्री प्रजापति लंबे समय से खनन घोटाले के मामले में लखनऊ की जिला जेल में बंद हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने इस हमले को लेकर चिंता व्यक्त की है। सपा प्रवक्ता ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट करके लिखा, जेल मे बंद पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति पे हमले की खबर चिंताजनक है। जेल प्रशासन पूर्व मंत्री को समुचित इलाज उपलब्ध करवाये!

## बीसीसीआई के ज्वाइंट सेक्रेटरी बोले- छत्तीसगढ़ में बनाएंगे क्रिकेट के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से जुड़े प्रभतेज सिंह भाटिया को BCCI के ज्वाइंट सेक्रेटरी के पद पर नियुक्त किया गया है। मंगलवार को BCCI के नवनियुक्त संयुक्त सचिव प्रभतेज सिंह भाटिया रायपुर पहुंचे। जहां उन्होंने मिडिया से बातचीत कर भविष्य की योजनाओं को साझा किया। उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर और मैदानों का विकास किया जाएगा। BCCI और CSCS छत्तीसगढ़ में क्रिकेट को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ में जूनियर और सीनियर स्तर के बोर्ड मैच कराने पर जोर रहेगा। इसके लिए राज्य में और अधिक मैदान बनाने के प्रयास किए जाएंगे। खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाएं और अकादमी विकसित की जाएगी। BCCI के संयुक्त सचिव भाटिया ने नया रायपुर में क्रिकेट अकादमी के लिए जमीन उपलब्ध कराने पर सरकार का आभार जताते हुए कहा कि, भविष्य में भी सरकार का सहयोग मिलने की उम्मीद है। भाटिया ने छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी और उम्मीद जताई कि संघ के नेतृत्व में राज्य का क्रिकेट और प्रगति करेगा।

# बिहार में एसआईआर की फाइनल लिस्ट जारी: 69 लाख नाम हटे, 21 लाख नए जुड़े; कुल वोटर्स 7.42 करोड़

नई दिल्ली। बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी। इस सूची में कुल मतदाताओं की संख्या 7.42 करोड़ है, जो कि विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) से पहले 7.89 करोड़ थी।

हालांकि, यह अंतिम संख्या ड्राफ्ट सूची (ड्राफ्ट रोल) से थोड़ी ज्यादा है, जिसे 1 अगस्त को जारी किया गया था। उस ड्राफ्ट सूची में 65 लाख मतदाता हटाए गए थे। इन मतदाताओं को सूची से इसलिए हटाया गया था क्योंकि या तो उनकी मृत्यु हो गई थी, वे किसी और जगह चले गए थे, या उनके नाम सूची में डुप्लीकेट थे। चुनाव आयोग ने बताया कि ड्राफ्ट सूची से 3.66 लाख वोटर हटाए गए, जबकि 21.53 लाख नए वोटर जोड़े गए, जो लोगों और पार्टियों द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों और आपत्तियों के बाद शामिल किए गए।




### लिस्ट में ऐसे चेक करें अपना नाम

यह सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया पूरी होने के बाद तैयार की गई है। आयोग ने कहा कि इसमें सभी दावों और आपत्तियों का निपटारा कर लिया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ), बिहार ने इस संबंध में सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए चुनाव आयोग (ईसीआई) को टैग किया। पोस्ट में लिखा गया- विशेष गहन पुनरीक्षण के आलोक में 30.09.2025 को अंतिम निर्वाचक नामावली प्रकाशित की गई है। मतदाता अपनी जानकारी voters.eci.gov.in पर देख सकते हैं।

### पटना के 14 विधानसभा क्षेत्रों में 48.15 लाख मतदाता

जिला प्रशासन पटना के अनुसार, सघन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर), 2025 के तहत पटना जिले के सभी 14 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज किया गया है। इसके अनुसार, कुल मतदाताओं की संख्या 48 लाख 15 हजार 294 है, जो 1 अगस्त 2025 को जारी ड्राफ्ट सूची में शामिल कुल मतदाताओं की संख्या 46 लाख 51 हजार 694 से एक लाख 63 हजार 600 अधिक है। सबसे ज्यादा मतदाता वाला विधानसभा क्षेत्र दीघा है, जिसमें 4.56 लाख मतदाता हैं। एसआईआर के बाद यह प्रक्रिया विवादों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# चेन्नई थर्मल पावर स्टेशन हादसा: 30 फीट ऊपर से गिरा आर्च, 9 मजदूरों की मौत, कई घायल



चेन्नई। उत्तर चेन्नई थर्मल पावर स्टेशन के निर्माण स्थल पर सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार निर्माणाधीन ढांचा गिरने से नौ लोगों की मौत हो गई है। वहीं, कई श्रमिकों को गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को तत्काल उत्तर चेन्नई स्थित स्टैनली सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस आयुक्तालय ने बताया कि हादसे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक रिपोर्ट्स में कहा गया है कि निर्माण कार्य के दौरान अचानक ढांचा गिर गया, जिससे मौके पर काम कर रहे श्रमिक इसकी चपेट में आ गए। फिलहाल राहत एवं बचाव कार्य जारी है और घटनास्थल पर अतिरिक्त बल तैनात किया गया है।

### कैसे हुआ हादसा?

पावर प्लांट की साइट पर निर्माण का काम चल रहा था। मजदूर एक मचान पर चढ़कर काम कर रहे थे। इस दौरान अचानक मचान नीचे गिर पड़ी। इससे करीब 30 फीट से मजदूर नीचे गिरे और तेज आवाज हुई। ऐसे में मजदूरों ने आनन-फानन में खुद राहत-बचाव कार्य शुरू कर दिया और पावर प्लांट के अधिकारियों को इस हादसे की जानकारी दी।

### वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे अस्पताल

हादसे की जानकारी मिलते ही तमिलनाडु बिजली बोर्ड के सचिव डॉ. जे. राधाकृष्णन और तमिलनाडु जनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन (टैंगेडको) के चेयरमैन स्टैनली सरकारी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और बेहतर इलाज का भरोसा दिलाया। राज्य सरकार ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को विस्तृत जांच (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# रिलायंस इंफ्रा के खिलाफ महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में छापेमारी, फेमा जांच के तहत ईडी की कार्रवाई

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को अनिल अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के खिलाफ फेमा जांच के तहत महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मुंबई और इंदौर के महू में कम से कम छह परिसरों पर छापे मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि यह तलाशी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के खिलाफ की जा रही जांच का हिस्सा है। यह जांच विदेशों में अवैध तरीके से धन भेजने के आरोपों पर हो रही है।



ईडी पहले से ही धन शोधन के आपराधिक प्रावधानों के तहत रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर (आर इंफ्रा) समेत समूह की कंपनियों की ओर से 17,000 करोड़ रुपये से अधिक की कथित वित्तीय अनियमितताओं और सामूहिक ऋण डायवर्जन की जांच कर रहा है।

पीएमएलए के तहत एजेंसी की कार्रवाई सेबी की एक रिपोर्ट के बाद शुरू हुई। इसमें में आरोप लगाया गया था कि आर इंफ्रा ने सीएलई नामक कंपनी के जरिए रिलायंस समूह की कंपनियों को अंतर-कॉर्पोरेट जमा (आईसीडी) के रूप में धनराशि डायवर्ट की। इस मामले में यह आरोप लगे कि आर इन्फ्रा ने शेयरधारकों और ऑडिटर्स के अनुमोदन से बचने के लिए सीएलई को खुद से जुड़ा हुआ नहीं बताया। उधर, रिलायंस समूह ने इस मामले में किसी भी गड़बड़ी से इनकार किया था और एक बयान में कहा था कि 10,000 करोड़ रुपये की राशि को किसी अज्ञात पक्ष को हस्तांतरित करने का आरोप 10 साल पुराना मामला है। कंपनी ने अपने वित्तीय विवरणों में कहा था कि उसका जोखिम केवल 6,500 करोड़ रुपये के आसपास था। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने करीब छह महीने पहले 9 फरवरी, 2025 को इस मामले का सार्वजनिक रूप से खुलासा किया था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 26/11 आतंकी हमला: चिदंबरम का खुलासा, बोले- बदले की भावना थी लेकिन अमेरिकी दबाव से टली पाक पर कार्रवाई; बीजेपी का हमला तेज

नई दिल्ली। 26/11 मुंबई आतंकी हमलों को लेकर पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री पी. चिदंबरम ने 17 साल बाद बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि हमलों के तुरंत बाद उनके मन में बदले की भावना आई थी और पाकिस्तान पर सैन्य कार्रवाई पर भी चर्चा हुई थी। लेकिन अमेरिका और वैश्विक समुदाय के दबाव के चलते भारत को कदम पीछे खींचना पड़ा।

चिदंबरम ने सोमवार (29 सितंबर 2025) को ABP को दिए विशेष साक्षात्कार में बताया कि तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री कोंडोलीजा राइस भारत आई थीं और प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह तथा उनसे मुलाकात की थी। राइस ने साफ तौर पर कहा- कृपया प्रतिक्रिया न दें, युद्ध शुरू न करें। इसके बाद विदेश मंत्रालय और भारतीय विदेश सेवा की सलाह पर जवाबी कार्रवाई टाल दी गई।

### 26/11 हमला: एक दर्दनाक याद

26 नवंबर 2008 को लश्कर-ए-तैयबा के



10 आतंकी समुद्री रास्ते से मुंबई पहुंचे। CST स्टेशन, ताज होटल, ओबेरॉय ट्राइडेंट, कामा अस्पताल, नरीमन हाउस और लियोपोल्ड कैफे को निशाना बनाया गया। इस हमले में 166 लोगों की मौत और 300 से अधिक घायल हुए। आतंकी अजमल कसाब जिंदा पकड़ा गया, जिसे 2012 में फांसी दी गई। चिदंबरम ने बताया कि वे 30 नवंबर 2008 को गृह मंत्री बने थे। उस समय प्रतिशोध का विचार उनके मन में आया था, लेकिन यह निर्णय पूरी सरकार का होना था।

### भाजपा का पलटवार

चिदंबरम के बयान पर भाजपा ने कांग्रेस को घेरा। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा- विदेशी दबाव में कांग्रेस ने मौका गंवा दिया। अगर तब कार्रवाई होती तो पाकिस्तान सबक सीखता। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सवाल उठाया कि क्या सोनिया गांधी या मनमोहन सिंह ने कार्रवाई रोकने का फैसला लिया था। भाजपा नेताओं ने इसे मौजूदा मोदी सरकार से तुलना करते हुए कहा कि उरी (2016), पुलवामा (2019) और पहलगाम (2025) हमलों के बाद सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाइयों से पाकिस्तान को करारा जवाब दिया गया।

### सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस

सोशल मीडिया पर भी इस बयान ने बहस छेड़ दी। ट्विटर/एक्स पर @PoliticalKida ने लिखा – यूपीए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# तीन-चार दिन में शांति योजना पर जवाब दे हमास, वर्ना गंभीर परिणाम होंगे

नई दिल्ली। गाजा में चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने एक प्रस्ताव पेश किया है, जिसका इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने समर्थन किया है। अब इस प्रस्ताव को लेकर हमास को अपनी प्रतिक्रिया देनी है।



ट्रंप ने दी चेतावनी

इस बीच, ट्रंप ने हमास को प्रस्ताव का जवाब देने को लेकर चेतावनी देते हुए सख्त लहजे में टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि हमास के पास शांति योजना पर प्रतिक्रिया देने के लिए 3-4 दिन हैं, अगर वह सहमत नहीं हुआ तो इसका दुखद अंत होगा।

### क्या है योजना?

यह योजना हमास से हथियार छोड़ने की मांग करती है, जिसके बदले युद्धविराम, मानवीय मदद और गाजा के पुनर्निर्माण का वादा किया गया है। लेकिन इसमें फिलहाल फलिस्तीनी राज्य की कोई स्पष्ट गारंटी नहीं दी गई है। इस 20-सूत्रीय प्रस्ताव के अनुसार, 72 घंटे के भीतर हमास को अपने सभी बंधकों को छोड़ना होगा। ट्रंप ने अपने बयान में कहा कि हमास को 20-सूत्रीय शांति प्रस्ताव पर जवाब देने के लिए 3 से 4 दिनों का समय दिया गया है। इस योजना में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# छत्तीसगढ़ में सरकारी कर्मचारियों को भी कम दर पर मिलेगा ऋण

## साय कैबिनेट ने दिव्यांगों को राहत और 100 स्पेशल एजुकेटर्स भर्ती का लिया निर्णय

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में शासकीय सेवकों को कम दरों पर ऋण देने की स्वीकृति दी गई। वहीं शिक्षा विभाग में स्पेशल एजुकेटर्स के 100 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इसके साथ ही अमिताभ जैन को कैबिनेट की बैठक में विदाई दी गई और नए मुख्य सचिव विकासशील का स्वागत किया गया।



### कैबिनेट में यह निर्णय लिए गए -

मंत्रिपरिषद की बैठक में शासकीय सेवकों की आकस्मिक वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से वेतन के विरूद्ध अल्पावधि ऋण उपलब्ध कराने के संबंध में बैंकों/वित्तीय संस्थाओं से प्रस्ताव प्राप्त करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इस संबंध में आगे की कार्यवाही के लिए वित्त विभाग को अधिकृत किया गया है। वित्त विभाग द्वारा प्रक्रिया में पात्र पाए जाने वाले बैंक/वित्तीय संस्था से सम्पादित किए जाने वाले एमओयू के प्रारूप का भी अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा दिव्यांगजनो के हित में एक बड़ा निर्णय लेते हुए राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मेरे खिलाफ करें कार्रवाई, लेकिन कार्यकर्ताओं को परेशान..., विजय ने सीएम स्टालिन से की अपील

चेन्नई। टीवीके के प्रमुख और तमिल एक्टर विजय की की चुनावी रैली में 27 सितंबर का शाम मची भगदड़ के बाद एक वीडियो संदेश जारी किया है। विजय ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अभी तक भगदड़ के शिकार हुए लोगों से मुलाकात नहीं की है क्योंकि वहां मेरी मौजूदगी से असामान्य स्थिति पैदा हो सकती है। मैंने अपने जीवन में इस तरह की दर्दनाक स्थिति नहीं देखी है, जल्द ही इस भगदड़ का सच सामने आएगा।



मंगलवार को अभिनेता विजय की ओर से जारी वीडियो संदेश उन्होंने कहा, मैं करूर नहीं गया क्योंकि वहां मेरी मौजूदगी से ÷असामान्य स्थिति÷ पैदा हो सकती है।। मैं जल्द ही आपसे मिलूंगा। मैंने अपने जीवन में कभी ऐसी दर्दनाक स्थिति का सामना नहीं किया है। भगदड़ का सच जल्द ही सामने आएगा। जो नहीं होना चाहिए था वो हो गया। उन्होंने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को चुनौती दी कि वे उनके साथ कुछ भी करें, लेकिन अपनी पार्टी के सहयोगियों के साथ ऐसा न करें।

### सच जल्द ही सामने आएगा- विजय

विजय ने कहा कि इस घातक घटना का सच जल्द ही सामने आएगा और उन्होंने संकेत दिया कि वह कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार हैं। इस मामले में सत्तारूढ़ डीएमके को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा, सीएम साहब, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# छत्तीसगढ़ के नए मुख्य सचिव विकासशील ने संभाला पदभार, अमिताभ जैन को दी गई विदाई

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नए मुख्य सचिव विकासशील ने आज मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर में मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण किया। इसी के साथ ही वे प्रदेश के 13वें मुख्य सचिव बन गये। इसके पहले वे एशियन डेवलपमेंट बैंक, मनीला में कार्यकारी निदेशक के पद पर पदस्थ थे।



वर्ष 1994 बैच के आईएएस ऑफिसर विकासशील को आईएएस बनने के बाद मध्य प्रदेश कैडर मिला था। नवंबर 2000 में मध्य प्रदेश राज्य के विभाजन के बाद उन्हें छत्तीसगढ़ कैडर मिला। वे कोरिया, बिलासपुर और रायपुर जिले के कलेक्टर रह चुके हैं। वे स्कूल शिक्षा, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, सामान्य प्रशासन और स्वास्थ्य विभागों के सचिव पद पर तैनात रहे। इसके अलावा वे अप्रैल 2007 से अप्रैल 2008 तक राजधानी रायपुर के कलेक्टर भी रहे। वर्ष 2018 से वे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भारत सरकार में रहे। उन्होंने केन्द्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### मुख्य सचिव के पदभार संभालते ही बड़ी प्रशासनिक सर्जरी, 14 आईएसए ऑफिसर के बदले प्रभार

छत्तीसगढ़ के नए मुख्य सचिव विकासशील ने मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण किया। उनके जिम्मेदारी संभालते ही प्रदेश में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की गई। 14 आईएएस ऑफिसर के प्रभार में बदलाव किये गये हैं। वहीं कुछ अधिकारियों के ट्रांसफर भी किये गये हैं। एसीएस रेणु पिल्लई को व्यावसायिक परीक्षा मंडल व्यापमं का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं माध्यमिक शिक्षा मंडल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। एसीएस सुब्रत साहू छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी का महानिदेशक बनाया गया है। वहीं राजस्व मंडल का अध्यक्ष अतिरिक्त (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# केंद्रीय कर्मचारियों को दिवाली का तोहफा, सरकार ने किया 30 दिन की सैलरी के बराबर बोनस का ऐलान



नई दिल्ली। दशहरा और दिवाली के त्योहारों से ठीक पहले केंद्र सरकार ने अपने लाखों कर्मचारियों को बड़ी खुशखबरी दी है। वित्त मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय कर्मचारियों को नॉन-प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस (एड-हॉक बोनस) देने की घोषणा की है। इस फैसले के तहत, सभी पात्र कर्मचारियों को 30 दिनों के वेतन के बराबर की राशि बोनस के रूप में मिलेगी। वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के मुताबिक, इस बोनस का लाभ केंद्र सरकार के ग्रुप 'C' के सभी कर्मचारियों और ग्रुप 'B' के उन सभी गैर-राजपत्रित कर्मचारियों को मिलेगा, जो किसी अन्य प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस स्कीम में शामिल नहीं हैं। इनके अलावा, केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और सशस्त्र बलों के पात्र कर्मियों के साथ-साथ केंद्र शासित प्रदेशों के उन कर्मचारियों को भी यह बोनस दिया जाएगा जो केंद्र सरकार के वेतन पैटर्न का पालन करते हैं। हालांकि, इस बोनस के लिए पात्रता की कुछ शर्तें भी हैं, जिसके तहत लाभ केवल उन्हीं कर्मचारियों को मिलेगा जो 31 मार्च, 2025 तक सेवा में थे और जिन्होंने वर्ष 2024-25 के दौरान कम से कम (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# हाईकोर्ट ने निरस्त किया सहायक प्राध्यापक का निलंबन, आदेश को माना अवैध

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में कमलेश दुबे ने अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी के माध्यम से एक याचिका प्रस्तुत की। जिसमें न्यायमूर्ति सचिन सिंह राजपूत ने एक महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी में राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक के निलंबन आदेश को अवैध माना और दुर्भावनापूर्ण करार देते हुए उसे रद्द कर दिया। न्यायालय ने इस निलंबन को 'प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का घोर उल्लंघन' मानते हुए टिप्पणी की कि यह कार्यवाही न केवल सेवा नियमों के विरुद्ध थी, बल्कि समाज में व्यक्ति की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाली भी थी।



प्रकरण के अनुसार याचिकाकर्ता सहायक प्राध्यापक के रूप में महाविद्यालय में लगभग 23 वर्षों से सेवा दे रहे थे और उनका सेवा रिकॉर्ड पूरी तरह निष्कलंक था। 11 सितंबर 2015 को कॉलेज में कंप्यूटर शिक्षक के पद पर नियमित नियुक्ति के चलते मानदेय पर कार्यरत प्रीति साहू को कार्यमुक्त कर दिया गया। इसके तुरंत बाद कॉलेज में छात्रों के एक वर्ग द्वारा आंदोलन शुरू किया गया। जिसमें प्रीति साहू की पुनर्नियुक्ति की मांग की गई। 17 सितंबर 2015 को छात्र संघ ने कॉलेज प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कॉलेज की मूलभूत सुविधाओं जैसे वाई-फाई, कैंटीन, स्वच्छता, जल आपूर्ति आदि की शिकायतें थी। साथ ही यह भी आरोप था कि प्रीति साहू को व्यक्तिगत द्वेष के चलते हटाया गया। इस ज्ञापन में कहीं भी सहायक प्राध्यापक के विरुद्ध कोई शिकायत दर्ज नहीं थी। हालांकि इसके कुछ ही दिन बाद एक स्थानीय अखबार में खबर प्रकाशित हुई। जिसमें याचिकाकर्ता पर छात्राओं से दुर्व्यवहार करने के आरोप लगाए गए। इसके तुरंत बाद 21 सितंबर 2015 को कॉलेज प्रशासन ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवसः आज गांधी सभागृह में मुख्य आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत जंयती महोत्सव 'सेवा पखवाड़ा दिवस' अंतर्गत जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग राजनांदगांव द्वारा स्थानीय म्यूनिसपल स्कूल स्थित गांधी सभागृह में आज 1 अक्टूबर बुधवार को प्रातः 10 बजे से नगर के वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा संरक्षण तथा समर्पण के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण विकसित करने के उद्देश्य से अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर श्रीमती वैशाली मरड़वार उप संचालक समाज कल्याण विभाग राजनांदगांव द्वारा अधिक से अधिक संख्या में वृद्धजनों से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने का अनुरोध किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद संतोष पाण्डे, मधुसूदन यादव महापौर नगर पालिक निगम राजनांदगांव, पारस वर्मा अध्यक्ष नगर पालिक निगम राजनांदगांव सहित अन्य गणमान्य नागरिक की उपस्थिति रहेगी। उक्त जानकारी श्रीमती वैशाली मरड़वार उप संचालक समाज कल्याण विभाग राजनांदगांव द्वारा दिया गया।

### निगम उपनिरीक्षक गणितराम ठाकुर सेवानिवृत्त, समाज ने दी भावभीनी विदाई



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम के राजस्व विभाग में उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत गणितराम ठाकुर अपनी 33 वर्षों की लंबी सेवा पूरी करने के बाद सेवानिवृत्त हो गए हैं। श्री गणितराम ठाकुर के सम्मान में, साहू समाज द्वारा जिला साहू सदन में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर समाज के लोगों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। उनके सम्मान में शाल और श्रीफल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व डीआईजी आर.एस. नायक भंवरमरा और मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक महेश्वर प्रसाद साहू ने अपने विचार व्यक्त किए और श्री गणितराम के उज्जवल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह में प्रकाश साहू, रविन्द्र ठाकुर, तेजराम ठाकुर, यू.एस. ठाकुर के अलावा समाज के अनेक गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक : तुलसीपुर में होगा भव्य रावण वध



राजनांदगांव (दावा)। परंपरा को जीवित रखते हुए इस वर्ष भी तुलसीपुर लेबर कॉलोनी वार्ड नंबर 17 में दशहरा के मौके पर भव्य रावण वध कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन की जिम्मेदारी नवदुर्गा महिला उत्सव समिति ने संभाली है। समिति की अध्यक्ष श्रीमती संगीता मिश्रा ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी स्थानीय लोगों के सहयोग से रावण वध का कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न कराया जाएगा। श्रीमती मिश्रा ने कहा कि रावण वध केवल एक धार्मिक आयोजन ही नहीं बल्कि बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि समिति की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और दशहरा की रोज शाम को रावण का पुतला दहन कर विजयादशमी पर्व मनाया जाएगा। समिति ने सभी लोगों से अपील की है कि वे परिवार समेत पहुंचकर इस ऐतिहासिक परंपरा का हिस्सा बने और बुराई पर अच्छाई की जीत के संदेश को आत्मसात करें।

### श्रीमती लीला मेश्राम का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार के पूर्व चेयरमेन प्रेमलाल मेश्राम की पत्नी श्रीमती लीला मेश्राम का अस्वस्थता के कारण निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 30 सितंबर मंगलवार को छिरपानी मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। वे सुधीर मेश्राम एवं सुदेश मेश्राम पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद की माता जी हैं।







# अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के मापदण्डों के अनुरूप सभी विभाग शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए करें प्रभावी कार्य : कलेक्टर



- कलेक्टर ने जनभागीदारी से जल संचय के लिए राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन हेतु जिले के चयनित होने पर दी बधाई
- प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनमानस को लाभान्वित करने की जरूरत
- अवैध शराब के परिवहन पर कड़ी कार्रवाई करने के दिए निर्देश
- प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना में गति लाने के दिए निर्देश
- भू-अर्जन के प्रकरणों को यथाशीघ्र पूर्ण करने कहा

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा देशभर में जन भागीदारी से जल संचय विषय पर आयोजित राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में राजनांदगांव जिले को देश में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट जिलों में चयनित होने पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जिले को 2 करोड़ रूपए की अवार्ड राशि से सम्मानित किया जाएगा। जिससे जिले में जल संरक्षण के कार्यों को गति मिलेगी। अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के मापदण्डों को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रभावी कार्य करें। कार्यों में गति लाने के साथ ही पोर्टल में समय पर डेटा अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व प्रकरणों में अविवादित नामांतरण तथा त्रुटि सुधार प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के लिए कहा। स्वामित्व योजना अंतर्गत पट्टे का वितरण प्राथमिकता से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस योजना से जनमानस को लाभान्वित करने की जरूरत है। उन्होंने आबकारी विभाग को अवैध शराब के परिवहन पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय में शराब दुकान एवं बार बंद हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग ई-फाईल के माध्यम से नस्ती प्रस्तुत करेंगे तथा स्पैरो पोर्टल में डेटा बेस अपडेट करेंगे। कलेक्टर ने उक्त दिशा-निर्देश कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में दिए।

कलेक्टर ने कहा कि ऐसे विभाग जिन्होंने जीएसटी रिटर्न फाईल नहीं किया है। वे प्राथमिकता के साथ जीएसटी रिटर्न फाईल करें। उन्होंने छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित की जा रही गतिविधियों को समय पर पोर्टल में एण्ट्री सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी वेतन आहरण के लिए ई-केवायसी कराएं। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत क्लेम बढ़ाने के लिए जागरूकता आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आकस्मिक दुर्घटना में मृत्यु होने पर इस योजना अंतर्गत परिजनों को बीमा राशि का क्लेम मिलना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना में गति लाने के निर्देश दिए तथा सभी हॉस्पिटल में इस योजना के संबंध में जानकारी प्रदान करने के लिए बैनर-पोस्टर लगाने के लिए कहा। उन्होंने भू-अर्जन के प्रकरणों को यथाशीघ्र पूर्ण करने के लिए कहा। कलेक्टर ने परिक्रमा पथ, रामलला दर्शन की तैयारी, प्रधानमंत्री आवास योजना, जनदर्शन, आदि कर्मयोगी, आयुष्मान कार्ड पंजीयन, सौर सुजला योजना, किसान सम्मान निधि, फसल बीमा सहित शासन की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि आदि कर्मयोगी एवं सेवा पखवाड़ा अंतर्गत अनुसूचित जनजातियों को शासन की योजनाओं से अधिक से अधिक लाभान्वित करने तथा उनसे जुड़े प्रकरणों का निराकरण करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि अटल मानिटरिंग पोर्टल में डाटा अपडेट करने का कार्य शीघ्रता से करने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के संबंध में जानकारी दी। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना अंतर्गत जिले में लगातार कार्य किए जा रहे है। उन्होंने धान के बदले कम पानी की खपत वाले फसल लगाने के लिए प्रेरित करने कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ एम भार्गव, एसडीएम राजनांदगांव गौतमचंद पाटिल, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पाण्डे ने नागरिकों को विजयादशमी पर्व की दी बधाई



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह व सांसद संतोष पाण्डे ने नागरिकों को विजयादशमी पर्व पर अपनी अनेको अनेक शुभकामनाएं देते हुए बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक दशहरा पर्व को उमंग एवं उल्लास के साथ मनाने की अपील की है। विधायक डॉ. रमन सिंह ने शुभकामना संदेश में कहा कि विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत के रूप में मनाया जाता है। इसे दशहरा के नाम से भी जाना जाता है। श्रीराम ने लंकापति रावण से 9 दिनों तक युद्ध के बाद नवरात्रि के दशवें दिन यानि कि दशहरा के दिन रावण का वध किया था। इस दिन को भगवान श्रीराम की विजय के रूप में भी मनाया जाता है। भारतीय संस्कृति में श्रीराम को एक आदर्श पुरुष के रूप में देखा जाता है।

सांसद संतोष पाण्डे ने कहा कि सनातन धर्म में आश्विन मास की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाने वाला विजयादशमी या दशहरा पर्व विशेष महत्व रखता है। यह दिन केवल एक उत्सव ही नहीं, बल्कि धर्म, सत्य और साहस की विजय का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक और पौराणिक मान्यताओं में इस पर्व का स्थान अत्यंत ऊंचा है। रामायण के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीराम ने रावण का वध किया और माता सीता को बंधन से मुक्त कराया था। यह घटना धर्म और अधर्म के बीच हुए संघर्ष का प्रतीक मानी जाती है।

### मां महामाई मंदिर में हुआ हवन



राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली के पीछे मां महामाई मंदिर में आज संध्या 7 बजे महाअष्टमी हवन पूजन मंदिर के पुजारी के पूजा पाठ और मंत्रोच्चारण द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर हवन पूजन में मुख्य यजमान मनीष नमिता गौतम रहे। महामाया मंदिर समिति के समस्त पदाधिकारी और सदस्य के अलावा संस्कारधानी के भक्तगण भी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर हवन पूजन में शामिल हुए और अपनी मनोकामना की कामना कर महाप्रसादी भी ग्रहण किया।

## सुनील बंसोड़ के देवी भजनों पर झूमे श्रोता



**नवयुग दुर्गा पूजा समिति एवं अन्ना फैंस क्लब ने कराया भव्य माता जागरण**

राजनांदगांव (दावा)। स्टेशनपारा रेलवे क्रॉसिंग के नीचे सोमवार देर रात भक्ति और आस्था से सराबोर वातावरण में नवयुग दुर्गा पूजा समिति एवं अन्ना फैंस क्लब की ओर से माता जागरण का भव्य आयोजन किया गया। जस गायन की दुनिया में अपनी अलग पहचान बना चुके ख्यातिलब्ध लोकगायक और जस सम्राट सुनील बंसोड़ की उपस्थिति ने इस आयोजन की शोभा बढ़ा दी। जैसे ही उन्होंने अपने लोकप्रिय देवी भजनों की प्रस्तुति शुरू की वैसे ही श्रोता तालियों और जयकारों से गूंज उठे। पूरा पंडाल देर रात तक भक्ति रस में डूबा रहा। सुनील बंसोड़ ने अपने अंदाज में एक के बाद एक लोकप्रिय देवी गीत प्रस्तुत कर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जप हर हर भोला, नई माने काली, बूढ़ी माई बोले मोरे और कंकालीन मोरे माया चले हो रन में जैसे गीतों पर दर्शक झूमने लगे। इन गीतों के अलावा उन्होंने अन्य देवी भजनों की भी प्रस्तुति दी। जिससे पंडाल का माहौल और अधिक भक्तिमय हो गया। प्रस्तुति देने से पहले सुनील बंसोड़ ने समिति के उन कर्णधारों को नमन किया। जिनका योगदान अपार रहा है। उन्होंने स्व. भानु सिन्हा, स्व. सुधाकर घाटोड़े और स्व. प्रकाश सिन्हा की स्मृति को श्रद्धांजलि अर्पित की।

गायक ने कहा कि ऐसे लोगों की बदौलत ही समितियां वर्षों तक सक्रिय रहती हैं और संस्कृति का यह सिलसिला आगे बढ़ता है। जस सम्राट सुनील बंसोड़ को आयोजन समिति की ओर से चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्य वेंकटेश राव, बंटी सिन्हा, संतोष चोटियां, अमन यादव, मिलिंद, देवेंद्र ठाकुर, मनीष कठाने सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। माता जागरण में भारी भीड़ उमड़ी। सभी श्रद्धालु देर रात तक भजनों का आनंद लेते रहे। छोटे-बड़े सभी श्रोता भक्ति में लीन होकर सुनील बंसोड़ की गायिकी का आनंद उठाते रहे। हर गीत के बाद तालियों की गड़गड़ाहट और जयकारों से पंडाल गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने कहा कि हर साल आयोजित होने वाले इस जागरण में सुनील बंसोड़ की प्रस्तुति से चार चांद लग गए। उन्होंने कहा कि समिति का प्रयास सराहनीय है, जो लगातार ऐसे आयोजन कर समाज में भक्ति और सांस्कृतिक वातावरण बनाए हुए है।

## शांतिभंग करने वाले 4 बदमाशों पर चिखली पुलिस ने की कार्यवाही



राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में शांति भंग करने वाले बदमाशों को धर दबोचा है और उसके खिलाफ कार्रवाई की है।

चौकी चिखली प्रभारी कैलाशचंद्र मरई ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भापुसे) के पर्यवेक्षण में, क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सतत अभियान चलाया जा रहा है।

इस तारतम्य में चौकी चिखली में प्राप्त शिकायत आवेदन पत्रों एवं वाद विवाद की शिकायतों के आधार पर मंगलवार 30 सितम्बर को शराब के नशे मे आने जाने वाले लोगों से वाद विवाद करने वाले एवं आवेदक व गवाहों के साथ लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर बदमाश रोहित ठाकुर पिता स्व. दशरथ लाल ठाकुर उम्र 60 साल निवासी मोतीपुर बाईबाड़ा चौक, कमलेश राजपूत पिता पुरूषोत्तम राजपूत उम्र 28 साल निवासी चंदन नगर मोतीपुर, सिद्धार्थ लोन्हारे पिता स्व. बेनीराम लोन्हारे उम्र 50 साल निवासी स्टेशनपारा व राहुल यादव पिता गोपाल यादव उम्र 35 साल निवासी स्टेशनपारा 16 खोली ओपी चिखली को गिरफ्तार कर पृथक-पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में शांति भंग करने वाले उपद्रवी और बदमाशों पर लगातार कार्यवाही की जायेगी।

### महापौर मधुसूदन ने दी विजयादशमी पर्व की बधाई



राजनांदगांव (दावा)। महापौर मधुसूदन यादव ने नागरिकों को विजयादशमी पर्व पर अपनी अनन्य शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व मानव मात्र को लोक कल्याण की भावना से जुड़ने की प्रेरणा देता है। महापौर ने नागरिकों को भारतीय संस्कृति से जुड़े विजयादशमी, दशहरा पर्व की बधाई देते हुए इस पर्व को परंपरागत रूप से मनाने का आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। इस दिन शमीपूजन का भी विशेष महत्व है और यह पर्व वर्षा ऋतु की समाप्ति और शरद ऋतु के आरंभ का सूचक है। निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों सहित अपील समिति के सदस्यों तथा पार्षदों ने नागरिकों को इस प्रसंग पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए बुराई का त्याग कर भगवान राम के आदर्शों पर चलने की अपील की है।

## माँ जगदंबा उत्सव समिति द्वारा निकाली गई माता रानी की चुनरी यात्रा



**आयोजन का शानदार दूसरा वर्ष, माँ पाताल भैरवी मंदिर में चढ़ाई गई सुनहरे लाल रंग की चुनरी**

राजनांदगांव (दावा)। माँ जगदंबा उत्सव समिति लक्ष्मी नगर द्वारा माता रानी की चुनरी यात्रा का आयोजन बीते 26 सितंबर शक्रवार को किया गया। उक्त यात्रा पूर्व पार्षद गगन आईच के निवास स्थान से निकलकर सांई दर्शन नगर से होते हुए माँ पाताल भैरवी मंदिर तक पहुंची थी। जहां पर माता रानी को सुनहरे लाल रंग की चुनरी पूरे श्रद्धा-भाव के साथ अर्पित की गई। माता रानी की चुनरी यात्रा में रामकृष्ण नगर वार्डवासियों सहित शहर के गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु इस पुण्य कार्य के भागी बने। उक्त चुनरी यात्रा घुमाल, ढोल-नगाड़े और भजनों के साथ पाताल भैरवी मंदिर तक पहुंची थी। माँ जगदंब उत्सव समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने श्रद्धालुओं और गणमान्य नागरिकों का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

कार्यक्रम में माँ जगदंबा उत्सव समिति के सदस्य अभिषेक शर्मा, प्रमुख अतिथि पूर्व पार्षद गगन आईच, राजा ताम्रकार, प्रतीक वैष्णव, मिहिर ठाकुर, डोमेश साहू, स्पर्श खरे, गोपी साहू, प्रतीक मिश्रा, प्रियांश गुप्ता, नवीन सोनी, गौरव यादव, राकेश सिंह राजपूत, अनुज साहू, शिव डोंगरे, पंकज यादव, दीपक भारती, कुणाल वैष्णव, मुकेश मिश्रा, शुभम यादव, अंकित यादव, दुर्गेश साहू, भावेश, अनुराग, अनिरुद्ध आईच, दर्शन शर्मा, गौरव मरकाम, अनिकेत, दिव्यांश, विनय, राजवीर सिंह राजपूत व समस्त वार्ड वासियों सहित महिलाएं, बच्चे एवं युवा शामिल रहे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़**
**जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भः- जिला राजनांदगांव, तहसील- डोंगरगढ़ प.ह.नं. 00016 बेलगांव ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक CT202425420402300028

**ईश्तहार**

तहसील डोंगरगढ़ के प.ह.नं. 00016 के अंतर्गत ग्राम बेलगांव के वर्तमान भूमिस्वामी रामसहाय पिता धनुकराम पता- सा-बेलगांव के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1193 (0.2190), 1194 (0.3560), 1195 (0.9510), 817/2 (0.0330) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रामबाई पिता/पति- रामसहाय सिन्हा पता -बेलगांव, अनिल सिन्हा पिता- रामसहाय सिन्हा पता- बेलगांव, प्रदीप कुमार सिन्हा पिता-रामसहाय सिन्हा पता- बेलगांव, अन्नपूर्णा, संतोष सिन्हा पिता- रामसहाय सिन्हा पता-बेलगांव के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/10/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/09/2025 को जारी किया जाता है।

**नायब तहसीलदार**
Megha Jain, **डोंगरगढ़**

## गायत्री, सावित्री, कुंडलिनी शक्ति जागरण के साथ स्वाहा ध्वनि उच्चारित होते ही हजारों लोगों ने दी यज्ञाहूति



**शक्तिपीठ में दर्जनों लोगों ने ली गुरू दीक्षा, सम्पन्न किए विभिन्न संस्कार**

राजनांदगांव (दावा)। नवरात्रि पर्व की अष्टमी तिथि को स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में वेदमाता गायत्री की त्रिविध शक्ति मां सावित्री व कुंडलिनी शक्तिपूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में नौ दिनों तक मां गायत्री की पूजा उपासना व कुंडलिनी शक्ति जागरण हेतु मंत्र सिद्धि करने वाले अनेको साधकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां गायत्री को अंतिम आहूति प्रदान की।

इस अवसर पर पूज्य गुरुदेव श्री राम शर्मा आचार्य के तप-तितिक्षा व ज्ञानमार्गी भाव से प्रभावित हो कर दर्जनों लोगों ने यज्ञोपवीत धारण कर गुरु दीक्षा ली। इस दौरान गायत्री शक्तिपीठ के पुरोहितों द्वारा उच्चारित वेद मंत्रों के साथ पुंसवन, गर्भाधान, मुंडन, विद्यारंभ आदि विविध संस्कार सपन्न कराए गए।

### युग संगीत की बिखरी मधुर स्वर लहरिया

गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्रि अष्टमी पूजा अवसर पर आयोजित पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में पुरोहित सुखनंदन नृपाराम, हरि जी आदि के द्वारा धारा प्रवाह वेदिक मंत्रों का उच्चारण के साथ युग संगीत की मधुर स्वर लहरिया भी गूंजती रही। जिसमें आर्गन में संगत गोपाल साहू, तबले पर संगत वासुदेव हिरवानी ने की। शक्तिपीठ में पूजा व्यवस्था बनाने में गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या निर्माण ट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन, वरिष्ठ सदस्य जयंती भाई पटेल, जुगल किशोर लड्ढा, मुरली धर चौधरी, मोहन भाई पटेल, गोविंद भाई पटेल, श्री मोर्या, बद्रीनाथ महोबिया, गोपाल चौरसिया, डी.एन साहू, सालिगराम साहू, भेष कुमार, व्यास नारायण कौशिक, श्रीमती इंदू बेन मिरानी, अलका सुरजन, राधा लड्ढा, अंजनी कोशा, जयंती साहू, केकती साहू आदि सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजन जुटे रहे। पांच पालियों में संपन्न हुए गायत्री महायज्ञ में आहूति प्रदान करने के दौरान सैकड़ों की संख्या में गायत्री परिजनों, शक्ति उपासक, हिंदू धर्मावलंबियो की उपस्थिति बनी रही। व्यवस्थापक भाई ओमप्रकाश ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में भोग- भंडारा महाप्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें गायत्री साधकों सहित बड़ी संख्या में लोगों छक कर महाप्रसादी ग्रहण किया।

### शुभांक

अनुमानित

| | |
|---|---|
| बी. के. | |
| 3-5-0 | |
| 160-7 | 135-9 |
| राजधानी | |
| 2-6-9 | |
| 459-8 | 490-3 |

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# दुर्गा महाअष्टमी पर जगह-जगह हुए यज्ञ-हवन के आयोजन



## यज्ञ-अनुष्ठान की बनी रही श्रृंखला, यज्ञीय धूम्र से महका वातावरण, जगह-जगह आयोजित रही भोग-भंडारा, महाप्रसादी, भक्तों ने प्राप्त की मातारानी की कृपा प्रसादी

राजनांदगांव (दावा)। शारदीय नवरात्रि पर्व की महाअष्टमी तिथि पर शहर सहित अंचल भर में दुर्गाष्टमी का पर्व की धूम बनी रही। इस दौरान जगह-जगह मातारानी को समर्पित यज्ञ हवन पूजन के आयोजन किए गए। माता देवालयों से लेकर दुर्गोत्सव पंडालों व ज्योत-जंवारा स्थलों में अष्टमी हवन-पूजन का कार्यक्रम पूरे वैदिक विधान के साथ आयोजन किया गया। पंडित पुरोहितों की उपस्थिति में श्रद्धालुओं ने वैदिक मन्त्रोच्चार के बीच स्वाहा ध्वनि के साथ मातारानी की शान में उन्हें अंतिम आहूति प्रदान की। इस दौरान बाजे-गाजे के साथ मातारानी की आरती पूजन का भी माहौल बना रहा।

भक्त जनों ने पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ मातारानी के जय-जयकार के नारे लगाए, जिससे वातावरण गुंजायमान हो उठा वहीं जगह-जगह आयोजित मां दुर्गाष्टमी के यज्ञ हवन आयोजन से उठती स्निग्ध धूम्र से वातावरण महक उठा। हवन-पूजन के बाद भोग-भंडारा, महाप्रसादी का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने मातारानी के कृपा प्रसाद को छक कर ग्रहण किया और अपने आप में धन्यता महसूस की।

### दुर्गा चौक में नवरात्रि पर्व का जोर

बता दें कि शहर के दुर्गा चौक में इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। दुर्गा चौक के नाम से जाना जाने वाले इस चौक के प्रति भक्तों में पूरी श्रद्धा व आस्था बनी हुई है। बताया जाता है कि यहां मां दुर्गा की मूर्ति स्थापना को पूरे 75 साल हो गए। छत्तीसगढ़ी लोक रंग शैली नाचा के पुरोधा दाऊ मंदराजी ने पहले कोलवा मुंशी चौक के नाम से जाना जाने वाले चौक में मुहल्लेवासियों के सहयोग से सर्वप्रथम दुर्गा स्थापना कर तथा रात्रि में नाचा का आयोजन कर इस चौक को दुर्गा चौक नाम दिया। बताया जाता है कि पहले दुर्गा प्रतिमा की स्थापना 3 फीट की की जाती थी अब इसका आकार बढ़कर लगभग 10 फीट हो गया है। बुजुर्गो द्वारा शुरू की गई परंपरा को अब युवा पीढ़ी संभाल रहे हैं। उनके द्वारा नवरात्रि की नौ दिनों तक मां दुर्गा की पूजा आराधना के बाद अष्टमी तिथि को धूमधाम के साथ यज्ञाहूति का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मुहल्ले की नर-नारियों ने भाग लिया और मातारानी को अंतिम आहूति प्रदान की।

### मंदिर देवालयों में यज्ञायोजन की रही धूम

बताते चलें कि नवरात्रि पर्व पर नौ दिनों भक्तों ने मां दुर्गा की खूब पूजा अर्चना की जप-तप ध्यान साधना आराधना की। नवरात्रि अष्टमी के पूर्व मां दुर्गे, अंबे, काली, मां शारदे की निशा पूजन किया गया और मंगलवार 30 सितंबर को महाअष्टमी पर्व के साथ महानवमी पर्व भी मनाया गया। शहर सहित अंचल भर के दुर्गोत्सव पंडाल में विराजित मां दुर्गा काली मां शारदे आदि की प्रतिमा के सामने यज्ञ हवन का आयोजन किया गया। शहर में गायत्री शक्तिपीठ सहित शहर की अधिष्ठात्री देवी मां शीतला, कालीमाई, महामाया ,चंडी माता, पाताल भैरवी, माड़ी माता, अष्टंगी माता व शीतला मंदिरो की मां शीतला अष्टमी तिथि को पूरी भक्ति भाव से पूजी गई और उन्हें अंतिम आहूति प्रदान किया गया। बता दें नवरात्र अष्टमी तिथि व नवमी तिथि एक साथ पड़ने पर दोनों देवी मां महागौरी व मां सिद्धिदात्री एक साथ पूजी गई। उन्हें नवरात्रि पर्व की अंतिम आहूति प्रदान कर महाअष्टमी व महानवमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया।

### दुर्गा प्रतिमा व ज्योत-जंवारा विसर्जन का जारी रहेगा सिलसिला

मंगलवार को नवरात्रि पर्व की अष्टमी तिथि व नवमी तिथि एक साथ मनाने के बाद दुर्गोत्सव पंडालों में विराजित मां दुर्गा काली मां सरस्वती शारदे की प्रतिमाओं को धूमधाम के साथ विसर्जन किए जाने का सिलसिला प्रारंभ हो जाएगा। इसी तरह जंवरहा घरों सहित देवी मंदिर में स्थापित किए गए ज्योत-जंवारा को बाजे-गाजे के साथ नजदीकी के नदी सरोवरों में विसर्जन किए जाने का सिलसिला भी जारी रहेगा। हरियर मड़वा उजारे, जस गान के साथ सिर पर धारण किए ज्योति-जवांरा कलश विसर्जन यात्रा देखते ही बनेगी। मांदर ढोलक की थाप व झांझ मंजीरे की झनकार के साथ जस गान की उतरते चढ़ती स्वर लहरियां लोगों को देवीय आवेग से भर देगी और लोग माता रानी की शान में झूम उठेंगे, नाच उठेंगे, जिसे देखने लोगों की भीड़ रहेगी। नवरात्र नवमी के पश्चात अधर्म पर धर्म की जीत, बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयादशमी धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी शहर सहित अंचल भर तैयारियां जोरों- शोरो से की जा रही है।

# आरकेसी में एआई शिक्षण



राजनांदगांव (दावा)। आरकेसी स्कूल ने अपनी शिक्षण प्रक्रिया में एआई को एकीकृत करके एक नए युग की शुरुआत की है, जिससे छात्रों को व्यक्तिगत और प्रभावी शिक्षा प्रदान करने में मदद मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को उनके कौशल में सुधार करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता करना है।

### एआई के साथ शिक्षा का नया युग

आरकेसी स्कूल में एआई की शुरुआत के साथ, छात्रों को अब व्यक्तिगत शिक्षण अनुभव प्राप्त होगा। एआई तकनीक छात्रों की आवश्यकताओं और सीखने की शैली के अनुसार शिक्षण सामग्री और गतिविधियों को अनुकूलित करेगी, जिससे छात्रों को जटिल विषयों को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी।

### एआई के लाभ

**व्यक्तिगत शिक्षण-** एआई प्रत्येक छात्र की आवश्यकताओं और सीखने की शैली के अनुसार शिक्षण सामग्री और गतिविधियों को अनुकूलित करेगी।

**वास्तविक समय प्रतिक्रिया-** एआई छात्रों को वास्तविक समय में प्रतिक्रिया प्रदान करेगी, जिससे उन्हें अपनी प्रगति को ट्रैक करने और सुधार करने में मदद मिलेगी।

**ब।व्तर पमइ्ठ-** एआई के साथ, छात्र जटिल विषयों को बेहतर ढंग से समझ पाएंगे और अपने कौशल में सुधार कर पाएंगे।

### आरकेसी स्कूल की पहल

आरकेसी स्कूल की अध्यक्षा डॉ. सविता जे बी सिंह ने बताया कि यह पहल छात्रों के हित में है और उन्हें बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस अवसर पर आरकेसी स्कूल की ओर से डॉ. सविता जे बी सिंह (अध्यक्ष), अशोक चौधरी (उपाध्यक्ष), निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, इला सिंह, एकता खंडेलवाल, ममता मिश्रा, सरिता सिंह, सोनल अंजोरियो, इंद्रकुमार वैष्णव (बर्सर) और अभिषेक खंडेलवाल (अकादमिक निदेशक) ने भी इस योजना की सराहना की और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### शिक्षकों की भूमिका

एआई की शुरुआत के साथ, शिक्षकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाएगी। शिक्षक एआई के साथ मिलकर काम करेंगे और छात्रों को व्यक्तिगत ध्यान और समर्थन प्रदान करेंगे, जिससे छात्रों को अपने कौशल में सुधार करने में मदद मिलेगी।

### निष्कर्ष

आरकेसी स्कूल की एआई के साथ शिक्षण प्रक्रिया में एकीकरण करने की पहल छात्रों को व्यक्तिगत और प्रभावी शिक्षा प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। मध्य भारत का एआई एनेबल्ड स्कूल में छात्रों को अपने विभिन्न कौशलों में सुधार करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

# अपर कलेक्टर ने दशहरा उत्सव समितियों की ली बैठक

## दशहरा आयोजन के संबंध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने दशहरा आयोजन के संबंध में दशहरा उत्सव समितियों की बैठक ली। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा उपस्थित थे। अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने कहा कि दशहरा उत्सव कार्यक्रम संस्कारधानी के अनुरूप आयोजित करें। दशहरा आयोजन समितियों को सुरक्षा के सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में पर्याप्त मात्रा में बैठक व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, बेरिकेटिंग, एम्बुलेंस, फायर बिग्रेड की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। शार्ट सर्किट से बचने के लिए पहले से विद्युत व्यवस्था की अच्छे से जांच करने कहा गया। उन्होंने दशहरा आयोजन समितियों को पर्याप्त मात्रा में वालिंटियर रखकर उन्हें सेक्टर आबंटित करने के निर्देश दिए। जिससे सारी व्यवस्था अच्छे से हो सके। इस अवसर पर थाना प्रभारी सहित दशहरा उत्सव समितियों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# घरेलू डाक उत्पादों और सेवाओं में आज से बदलाव

## अब सिर्फ स्पीड पोस्ट वस्तुओं में ही पंजीकरण सुविधा




राजनांदगांव (दावा)। डाक विभाग 1 अक्टूबर से रजिस्टर्ड डाक के संबंध में महत्वपूर्ण बदलाव करने जा रहा है। एक अक्टूबर से केवल स्पीड पोस्ट वस्तुओं में पंजीकरण सुविधा उपलब्ध होगी। अधीक्षक डाकघर राजनांदगांव द्वारा यह जानकारी दी गई कि अन्य श्रेणियों की डाक में पंजीकरण सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। सिर्फ स्पीड पोस्ट डाक्यूमेंट में पंजीकरण हेतु मात्र 5 रुपए का शुल्क (लागू जीएसटी अतिरिक्त) देकर पंजीकृत कराया जा सकता है। बिना पंजीकरण स्पीड पोस्ट का वितरण पता आधारित होगा अर्थात जिस पते के लिए स्पीड पोस्ट बुक किया गया है। उस पते पर उपलब्ध किसी भी व्यक्ति को वितरण किया जा सकेगा। जबकि पंजीकृत स्पीड पोस्ट का वितरण प्राप्तकर्ता आधारित होगा अर्थात पंजीकृत स्पीड पोस्ट का वितरण सिर्फ प्राप्तकर्ता को अथवा उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति को ही किया जाएगा। ओटीपी आधारित वितरण सेवा भी डाक विभाग ओटीपी आधारित वितरण सेवा भी एक अक्टूबर से प्रारंभ करने जा रहा है। इस सेवा का लाभ लेने के लिए प्रेषक को बुकिंग के समय 5 रुपए का शुल्क (लागू जीएसटी अतिरिक्त) देना होगा। ऐसे स्पीड पोस्ट वस्तुओं का वितरण प्राप्तकर्ता द्वारा ओटीपी प्रदान करने पर किया जाएगा। एक अक्टूबर से स्पीड पोस्ट के दरों में भी बदलाव किया जा रहा है।

# दनिया पुल में गिरने से गंडई निकाय के इंजीनियर की मौत

**गंडई पंडरिया (दावा)। नगर पंचायत गंडई में पदस्थ इंजीनियर लोकेश शर्मा पिता कृष्णा गोपाल शर्मा उम्र लगभग 46 वर्ष निवासी रायपुर का बीते सोमवार की शाम 5 बजे गंडई-धमधा मार्ग पर स्थित दनिया पुल में गिरने से मौत हो गई।**

मृतक मुलतः विदिशा (मध्यप्रदेश) के निवासी थे। प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक नवरात्रि उपवास था घर में कन्या भोज के लिए गंडई ऑफिस से ड्यूटी कर रायपुर जाने के लिए अपने मोटर सायकल से निकले हुए थे। मात्र दस किमी ही पहुंचे थे। दनिया पुल में अनबैलेस होकर गिर गया। जिसकी डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला गया। जिसे गंडई नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रखा जायेगा। आज पीएम कर शव परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा। मामले की जानकारी होते ही गंडई पुलिस मौके पर पहुंच मामले की तफ्तीश में लग गई है।



### ग्रामीणों एवं कांग्रेसियों ने शव रख कर प्रशासन की लगाए मुर्दाबाद के नारे

दनिया पुल निर्माण की मांग ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों ने काफी लंबे अरसे से की जा रही है। जानकारी अनुसार पुल निर्माण कार्य का भूमिपूजन बीते वर्ष हो चुका था। कार्य प्रारंभ भी हो गया था, लेकिन कुछ व्यक्ति विशेष ने कार्य पर आपत्ति किया था। जिसकी वजह से पुल निर्माण कार्य ज्यो का त्यों रुका हुआ है। पुल छोटी होने की वजह से कम ही बारिस में पानी पुल से ऊपर हो जाता है। यह पहला मामला नहीं है। ऐसे ही कई मामले हो चुके हैं। बावजूद इसके पुल निर्माण कार्य में विलम्भ का होना और कइयों की जिंदगी लेने के इंतजार में बने रहना, कहना कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। घटना के विरोध में ग्रामीणों एवं कांग्रेसियों ने शासन प्रशासन का मुर्दाबाद लगाते हुए घंटों तक शव को रोका रहा। समाचार लिखे जाने तक शव घटना स्थल पर ही रखा हुआ था। विरोध में गंडई-धमधा मार्ग अवरुद्ध रहा। राहगीरों व वाहनों को रूट बदल कर गंतव्य स्थान पर जाना पड़ा।

# नवरात्रि मेला में शांति भंग करने पर एक महिला सहित 8 बदमाशों पर हुई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रसिद्ध डोंगरगढ़ नवरात्रि मेले में शांति और व्यवस्था भंग करने के आरोप में पुलिस ने एक महिला सहित 8 बदमाशों के विरुद्ध सख्त प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है। ये सभी आरोपी मेला परिसर में दर्शनार्थियों, दुकानदारों और आम लोगों को परेशान कर माहौल खराब कर रहे थे।




पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दिनांक 28 सितंबर की रात्रि को मेला ग्राउण्ड में कुछ लोगों द्वारा अलग-अलग जगहों पर वाद-विवाद कर मेले का माहौल खराब करने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही डोंगरगढ़ पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने पाया कि ये अनावेदक (आरोपी) अलग-अलग जगह पर दर्शनार्थियों, मेला देखने आए लोगों और दुकानदारों को परेशान कर रहे थे और वाद-विवाद कर रहे थे। मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस के बार-बार समझाने के बावजूद भी ये नहीं माने। इस पर पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की।

प्रतिबंधित किए गए अनावेदकों में ये शामिल हैं : राज परिहार (पिता संजय परिहार) उम्र 30 साल निवासी डोंगरगढ़, राजू राम (पिता नेमु राम चन्द्रवंशी) उम्र 21 साल निवासी डुण्डेरा, थाना डोंगरगढ़, तरूण देवांगन (पिता संतोष देवांगन) उम्र 23 साल निवासी रानीतराई पाटन, जिला दुर्ग, योगेश (पिता लक्ष्मीनारायण यादव) उम्र 18 साल निवासी बुधवारी पारा वार्ड नं.- 14, डोंगरगढ़, शैलेन्द्र देवांगन (पिता धीरज देवांगन) उम्र 22 साल निवासी रानीतराई पाटन जिला दुर्ग, खिलेन्द्र (पिता चित्रकुमार देवांगन) उम्र 24 साल निवासी रानीतराई पाटन जिला दुर्ग, कार्तिक नेताम (पिता सहदेव नेताम) उम्र 55 साल निवासी ग्राम कुम्हड़ाटोला थाना डोंगरगढ़, स्वीटी बेगम (पति इमरान खान) उम्र 24 साल निवासी केलाबाड़ी दुर्ग वार्ड नं. 7 थाना कचहरी चौक जिला दुर्ग को गिरफ्तार किया गया है। डोंगरगढ़ पुलिस ने साफ किया है कि मेला परिसर में शांति भंग करने वाले और आमजन को परेशान करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में पहुंचे जनसामान्य की सुनी शिकायत

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए।



कलेक्टर ने अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, आबादी पट्टा, नामांतरण, अतिक्रमण हटाने, ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड दुरूस्त करने, आधार कार्ड में अपडेशन सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थी।

# लखोली में सजेगा भव्य दशहरा महोत्सव : 51 फीट के रावण का होगा दहन



## सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गूंजेगा मैदान

राजनांदगांव (दावा)। विजयादशमी पर्व पर लखोली में इस वर्ष भी भव्य दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। युवा संगठन लखोली के तत्वावधान में 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन रंग-बिरंगी आतिशबाजी के बीच किया जाएगा। इसके साथ ही ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। जिनका दर्शक लुत्फ उठाएंगे। संगठन के प्रवक्ता संतोष निर्मलकर ने बताया कि महोत्सव का आगाज शाम 5 बजे मां शीतला मंदिर प्रांगण से प्रभु श्रीरामचंद्र की भव्य शोभायात्रा से होगा। शोभायात्रा लखोली के प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगी और स्कूल मैदान में पहुंचकर मुख्य कार्यक्रम में परिवर्तित होगी। पिछले 17 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहे इस महोत्सव को लेकर लखोली के युवाओं में जबरदस्तय उत्साह है। शहर के सबसे घनी आबादी वाले इस क्षेत्र में होने वाले आयोजन में न केवल पांचों वार्डों के लोग बल्कि आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी हजारों की संख्या में लोग शामिल होकर दशहरा महोत्सव का आनंद उठाते हैं। उक्त जानकारी संगठन के भानु मरकाम ने दी।

# कलेक्टर ने कार्यो में रूचि नहीं लेने वाले कांन्ट्रेक्टर्स का टेंडर निरस्त करने के दिए निर्देश

## जल जीवन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी सब इंजीनियर्स गंभीरतापूर्वक करें कार्य

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की महती योजना है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी सब इंजीनियर्स गंभीरतापूर्वक कार्य करें तथा कार्यों में गति लाएं। उन्होंने सघन समीक्षा करते हुए सब इंजीनियर्स से फिल्ड में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हर घर नल जल योजना के तहत किसी भी तरह की शिकायत का निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने कार्यो में रूचि नहीं लेने वाले कांन्ट्रेक्टर्स का टेंडर निरस्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अप्रारंभ एवं निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत देयकों के भुगतान, पाईप क्रय, प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा नवनियुक्त सरपंच, सचिव, सदस्य एवं पंप ऑपरेटर को प्रशिक्षण बजट हेतु प्रशासकीय स्वीकृति के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर पेयजल आपूर्ति योजनाओं के सुचारू संचालन, संधारण और रख-रखाव के लिए जनमानस को जागरूक बनाना है।

पीएचई के ईई समीर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हर घर जल योजना अंतर्गत 274 लक्ष्य के विरूद्ध ऑनलाईन एवं ऑफ लाईन 237 कनेक्शन प्रदान किए गए है। उन्होंने बताया कि घरेलू कनेक्शन अंतर्गत 1 लाख 56 हजार 789 घरों में 1 लाख 40 हजार 963 कनेक्शन प्रदान किए गए है। इस अवसर पर विभाग के सब इंजीनियर्स उपस्थित रहे।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा क्र.:** एस/16/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN नागभीड़ के अधीन SSE (पी.वे)/NAB के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत गोंदिया-नागभीड़ (BG) सेक्शन के बीच विविध पी.वे कार्य जैसे ट्रैक की डिस्ट्रेसिंग, टाई-टेम्पिंग कार्य, ट्रैक की लिफ्टिंग और पैकिंग आदि। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 86,67,718/- **बयाना राशि:** ₹ 1,73,400/-

**2. निविदा क्र.:** एस/17/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN नागभीड़ के अधीन SSE (पी.वे)/CAF के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत नागभीड़ - चांदा फोर्ट (BG) सेक्शन के बीच विविध पी.वे कार्य जैसे ट्रैक की डिस्ट्रेसिंग, टाई-टेम्पिंग कार्य, ट्रैक की लिफ्टिंग, पैकिंग आदि। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 86,57,618/- **बयाना राशि:** ₹ 1,73,200/-

**3. निविदा क्र.:** एस/18/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN/NAB के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत G-CAF सेक्शन (BG) के बीच विभिन्न प्रकार के ट्रैक संबंधी कार्य। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,45,98,065/- **बयाना राशि:** ₹ 2,23,000/-

**4. निविदा क्र.:** ई/31/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN/डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत परमलकसा (PMS) सेक्शन में अतिरिक्त लूप लाइन। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 12,08,42,709/- **बयाना राशि:** ₹ 7,54,200/-

**5. निविदा क्र.:** ई/32/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN/गोंदिया (G) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत परमलकसा (PMS) सेक्शन में अतिरिक्त लूप लाइन। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 6,79,57,182/- **बयाना राशि:** ₹ 4,89,800/-

बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियाँ दिनांक 16.10.2025 के 15:00 बजे तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे। इन निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है व मैन्युअल ऑफर्स अस्वीकार कर दिए जाएंगे। अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

मंडल अभियंता (दक्षिण), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

AIM/25-127

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

# भक्ति रस में डूबा बसंतपुर, मां शारदा युवा मंच द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन





## शहर के कलाकारों ने भक्ति गीतों से मोहा मन, श्रद्धालु झूमे भजनों की धुन पर

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर वार्ड क्रमांक 46 स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में रविवार 28 सितंबर की रात्रि मां शारदा युवा मंच द्वारा नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। आयोजक सुनील सेन एवं मंच के युवा साथियों की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी पवन डागा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद जैनम बैद, पार्षद राजेश यादव, पार्षद शेखर यादव, बिट्टू गुप्ता, भरत साहू, गोलू गुप्ता, केजूराम ठाकुर, बलिराम यादव, पुनाराम यादव सहित वार्ड के प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई। जहां मां शारदा युवा मंच के आयोजक सुनील सेन एवं साथियों ने पुष्पहार एवं गुलाल तिलक लगाकर सभी अतिथियों का अभिनंदन किया।

भजन संध्या में संस्कारधानी के ख्यातिप्राप्त कलाकार सनी गजभीम, शुभम यादव एवं कृति बख्शी ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत, जसगीत, हिंदी व छत्तीसगढ़ी धार्मिक गीतों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वातावरण भक्ति रस से सराबोर हो गया और श्रद्धालु झूमते नजर आए। कार्यक्रम का सफल संचालन राज्यपाल पुरस्कार हेतु चयनित व्याख्याता थगेश्वर कुमार साहू ने किया। उनके सुगठित संचालन ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम के अंत में आयोजक मंडली द्वारा कलाकारों का गुलाल तिलक, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। साथ ही समस्त अतिथियों व श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में जनक यादव, अनिल (दादू) यादव, बडू यादव, छोटू यादव, नागेश यादव, बच्चन सेन, जय जायसवाल, राहुल बघेल, गोलु यादव, विनोद यादव, देवनन्द यादव, अशोक यादव, पीतांबर साहू, ज्ञान ठाकुर, सोमेश यादव, उमेद यादव, शैलेश पाल, कुलदीप यादव, नेमी यादव, छोटू ठाकुर एवं चमन यादव का विशेष योगदान रहा। श्रद्धा, समर्पण और संगीत की इस अद्भुत संध्या ने बसंतपुरवासियों को एक भक्ति-भाव से परिपूर्ण यादगार अनुभव दिया।

## अनमोल दावा

> यदि आपके किसी और के लिए दीपक जलाएंगे तो आपका भी मार्ग रोशन करेगा।

# साधना के 100 वर्ष, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी यात्रा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पहले चरण में संगठन खड़ा करने पर ही ध्यान केंद्रित किया। समाज में इस विश्वास का निर्माण किया कि हिंदू समाज संगठित हो सकता है एक दिशा में कदम से कदम मिलाकर एक साथ चल सकता है। एक स्वर में भारत माता की जय-जयकार कर सकता है। संघ की स्थापना डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने विक्रमी संवत् 1982 की विजयदशमी को नागपुर (महाराष्ट्र) में की थी। डॉ. हेडगेवार जन्मजात देशभक्त थे। स्वाधीनता आंदोलन के सभी प्रयासों में वे सक्रिय थे। कोलकाता में मेडिकल की पढ़ाई के समय अनुशीलन समिति के सदस्य के रूप में सक्रिय थे। 1921 में अंग्रेज सरकार ने राजद्रोह का मुकदमा चलाया और एक वर्ष के लिए कारावास की सजा हुई। 1930 में नमक सत्याग्रह करके जेल गए, जिसमें उन्हें नौ महीने का कारावास हुआ।

डॉ. हेडगेवार ने संघ स्थापना का लक्ष्य संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित कर हिंदुत्व के अधिष्ठान पर भारत को समर्थ और परमवैभवशाली राष्ट्र बनाना रखा। इस महत्वपूर्ण कार्य हेतु वैसे ही गुणवान, अनुशासित, देशभक्ति से ओत-प्रोत, चरित्रवान एवं समर्पित कार्यकर्ता आवश्यक थे। ऐसे कार्यकर्ता निर्माण करने के लिए उन्होंने एक सरल, अनोखी किंतु अत्यंत परिणामकारक दैनंदिन च्शाखाज् की कार्यपद्धति संघ में विकसित की। संघ ने इस कार्यपद्धति से लाखों योग्य कार्यकर्ता तैयार किए, जो इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए 100 वर्षों से समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं।

इस यात्रा में संघ उपहास, विरोध के मार्ग पार कर स्वीकृति एवं समर्थन की प्राप्ति की स्थिति में पहुंच गया है। संघ अपने श्रेष्ठ अधिष्ठान, उत्तम कार्यपद्धति और स्वयंसेवकों के निस्स्वार्थ देशभक्ति से भरे, समरसतायुक्त आचरण के कारण समाज का विश्वास जीतने में सफल हुआ है। आज संघ कार्य सर्वदूर, सभी क्षेत्रों में दिखाई देता है और प्रभावी भी है। आज संपूर्ण भारत में 98 प्रतिशत जिलों और 92 प्रतिशत खंडों (तालुका) में संघ की शाखाएं चल रही हैं। देशभर में 51,740 स्थानों पर 83,129 दैनिक शाखाएं तथा अन्य 26,460 स्थानों पर 32,147 साप्ताहिक मिलन चल रहे हैं, जो लगातार बढ़ रहे हैं। इनमें 59 प्रतिशत शाखाएं युवाओं (छात्रों) की हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पहले चरण में संगठन खड़ा करने पर ही ध्यान केंद्रित किया। समाज में इस विश्वास का निर्माण किया कि हिंदू समाज संगठित हो सकता है, एक दिशा में कदम से कदम मिलाकर एक साथ चल सकता है। एक स्वर में भारत माता की जय-जयकार कर सकता है। संघ को इसमें सफलता भी मिली। 1940 के नागपुर वर्ग में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए देश के हर राज्य से स्वयंसेवक उपस्थित हुए थे। डॉ. हेडगेवार ने वर्ग में आए हुए स्वयंसेवकों को अपने अंतिम भाषण में संबोधित करते हुए कहा था, आज मेरे सामने मैं हिंदू राष्ट्र की छोटी-सी प्रतिमा देख रहा हूं। स्वाधीनता के पश्चात् 1948 में राजनीतिक कारणों से तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने संघ पर प्रतिबंध लगाकर समाप्त करने का दुस्साहस किया, जिसे स्वयंसेवकों ने लोकतांत्रिक पद्धति से सत्याग्रह करके सरकार को झुकने के लिए मजबूर किया और सरकार को संघ से प्रतिबंध हटाना पड़ा। भारत के स्वाधीनता आंदोलन की प्रेरणा च्स्वज् के आधार पर थी, उसी च्स्वज् के आधार पर समाज जीवन का प्रत्येक क्षेत्र खड़ा हो, यह आवश्यक था। इस हेतु संघ की प्रेरणा से स्वयंसेवकों ने दूसरे चरण में शिक्षा, विद्यार्थी, मजदूर, राजनीति, किसान, वनवासी, कला आदि क्षेत्रों में विविध संगठनों के माध्यम से कार्य प्रारंभ किया। आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विद्या भारती, भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ, वनवासी कल्याण आश्रम, सेवा भारती, संस्कार भारती, लघु उद्योग भारती, स्वदेशी जागरण मंच, प्रज्ञा प्रवाह जैसे 32 से अधिक संगठन समाज जीवन में सक्रिय हैं और अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावी भी हैं। ये सभी संगठन स्वायत्त, स्वतंत्र और स्वावलंबी हैं।

समाधान करने के लिए हमेशा सक्रिय रहते हैं। देशभक्ति और सेवाभाव से ओत-प्रोत स्वयंसेवक समाज के दुख देखते ही दौड़ पड़ते हैं, तभी आज किसी भी प्राकृतिक अथवा अन्य आपदाओं के समय वहां तुरंत पहुंचते हैं और समाज की सेवा में जुट जाते हैं। केवल आपदा के समय ही नहीं, नियमित रूप से समाज में दिखने वाले अभाव, पीड़ा, उपेक्षा को दूर करने के लिए सर्वत्र प्रयास करते हैं। इसलिए संघ ने अपने तीसरे चरण में 1988-89 में संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार जी की जन्मशताब्दी में सेवा कार्यों को अधिक गति और व्यवस्थित रूप देने का निर्णय लिया। वर्ष 1990 में विधिवत सेवा विभाग आरंभ हुआ। आज संघ स्वयंसेवक अभावग्रस्त क्षेत्र व लोगों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार और स्वावलंबन के विषयों पर ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में 1,29,000 सेवाकार्य चला रहा है। समाज परिवर्तन के इन प्रयासों में स्वयंसेवकों को समाज का भरपूर सहयोग और समर्थन मिल रहा है। संघ के स्वयंसेवक प्रशासन अथवा सरकार पर निर्भर न रहते हुए अपने ग्राम का सर्वांगीण विकास सभी ग्रामवासियों से मिलकर करें, इस उद्देश्य से च्ग्राम-विकासज् का कार्य भी कर रहे हैं। भारतीय नस्ल की गायों का संरक्षण, संवर्धन एवं नस्ल सुधार करते हुए जैविक खेती के लिए किसानों को प्रशिक्षण, प्रबोधन एवं प्रोत्साहन देने की दृष्टि से च्गौ संरक्षण एवं संवर्धनज् का कार्य भी करते हैं। संघ के स्वयंसेवक अपने परिवार में संघ जीवन शैली को अपनाते हुए समाजानुकूल परिवर्तन करने का निरंतर प्रयास करते हैं। साथ ही व्यापक समाज परिवर्तन के लिए विभिन्न प्रकार के उपक्रम नियमित रूप से करते रहते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के पश्चात समाज परिवर्तन के अगले चरण में प्रवेश कर रहा है।

# भारत का डिजिटल तकनीक नहीं बदलाव का दशक

**राव इंद्रजीत सिंह**



पिछले एक दशक में भारत में एक ऐसी डिजिटल क्रांति आई है जो असाधारण है। यह यात्रा आकस्मिक नहीं थी। इसे भारत सरकार द्वारा ठोस नीति निर्धारण, अंतरमंत्रालयी सहयोग और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता के माध्यम से सावधानीपूर्वक प्रबंधित किया गया है। जब संबद्ध मंत्रालयों जैसे इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), वित्त मंत्रालय (एमओएफ), कृषि मंत्रालय और अन्य मंत्रालयों ने बड़े पैमाने पर जमीनी स्तर पर परियोजनाओं को पूरा किया तो दूसरी ओर नीति आयोग ने अभिसरण को बढ़ावा देकर, विचारों को नेतृत्व देकर और स्केलेबल, नागरिक-प्रमुखता वाले नवाचारों की ओर पण्राली को प्रेरित कर नीति इंजन का काम किया है। जन धन-आधार-मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी की शुरुआत के साथ इसमें एक महत्त्वपूर्ण मोड़ आया है। लगभग 55 करोड़ बैंक खातों के खोलने के साथ-साथ करोड़ों लोगों, जो पहले वित्तीय पण्राली की पहुंच से बाहर थे, को उन्हें अकस्मात बैंकिंग व्यवस्था और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण तक पहुंच प्राप्त हुई है।

ओडिशा के एक छोटे से गांव में पहली बार बिना बिचौलिए की सहायता से एक सिंगल मदर को कल्याणकारी लाभ सीधे उनके खाते में प्राप्त करने में सक्षम बनाया गया। उनकी कहानी भारत भर के करोड़ों लोगों की कहानी बन गई है। यह वृहद वित्तीय समावेशन आंदोलन वित्त मंत्रालय के समर्थन और आधार तथा मोबाइल पैठ की सक्षम सहायता से अगला कदमः एक वित्तीय-प्रौद्योगिकी विस्फोट का आधार बना।

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक के मार्गदर्शन में विकसित एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) ने भारतीयों के लेन-देन के तरीके में क्रांति ला दी है। किसी मित्र को पैसे भेजने के एक अनूठे तरीके के रूप में शुरू किया गया यह तरीका शीघ्र ही छोटे व्यवसायों, सब्जी विक्रेताओं और गिग वर्कर्स की जीवनरेखा बन गया। आज भारत में प्रति माह 17 बिलियन से अधिक यूपीआई के माध्यम से लेन देन होते हैं। इसी दौरान, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत भारत की डिजिटल अवसंरचना के मुख्य तंत्र को निरंतरता से तैयार किया जा रहा है। भारतनेट जैसी परियोजनाओं ने दो लाख से अधिक ग्राम पंचायतों तक ब्रॉडबैंड पहुंचाया है, जबकि इंडिया स्टैक ने कागज-रहित, उपस्थिति-रहित और नकदी-रहित सेवाओं का ढांचा तैयार किया।

डिजी-लॉकर ने छात्रों को अपने प्रमाणपत्र डिजिटल रूप में रखने, और ई-हस्ताक्षर ने महत्त्वपूर्ण दस्तावेज के लिए दूरस्थ प्रमाणीकरण प्रदान किया। डिजी-यात्रा एक अग्रणी पहल है जो चेहरे के पहचान की तकनीक का उपयोग करके निर्बाध, कागज-रहित और संपर्क-रहित हवाई यात्रा को संभव बनाती है। यह भारतीय विमानन के भविष्य की तैयारी और यात्री-अनुकूल बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। ये मात्र ऐप ही नहीं हैं- एक डिजिटल गणराज्य की आधारशिला हैं। डिजिटल गवन्रेस ने भी गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) के शुभारंभ के साथ बड़ी उछाल लगाई है। सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिए डिजाइन किए गए, जेमने 1.6 लाख से अधिक सरकारी क्रेताओं को 22 लाख से अधिक विक्रेताओं से जोड़ा है-जिसमें महिला उद्यमियों और एमएसएमई की बढ़ती संख्या शामिल है। राजस्थान के एक छोटे हस्तशिल्प विक्रेता के लिए, इसका अभिप्राय सरकारी संविदाओं तक पहुंच प्रदान करना था जो पहले अकल्पनीय था।

कृषि क्षेत्र, जिसे प्रायः परिवर्तन के प्रतिरोधी के रूप में देखा जाता है, ने भी डिजिटल साधनों को अपनाना शुरू कर दिया है। पीएम-किसान जैसे प्लेटफॉर्म ने सुनिश्चित किया कि आय सहायता किसानों तक सीधे पहुंचे। ई-नैम ने राज्यों की कृषि मंडियों को जोड़ा, जिससे किसानों को अपनी उपज के बेहतर दाम मिल सकें। डिजिटल मृदा स्वास्थ्य कार्ड ने उन्हें समझने में मदद की कि उन्हें कौन सी फसल उगानी चाहिए और अपनी भूमि में कौन से पोषक तत्वों का प्रयोग करना चाहिए। झारखंड के ग्रामीण-क्षेत्रों में स्थानीय उद्यमियों द्वारा संचालित सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) उनके लिए एक प्रकार से डिजिटल जीवन रेखा बन गए जो टेली-मेडिसिन से लेकर बैंकिंग और कौशल विकास कार्यक्रमों तक हर पेशकश करते हैं।

महामारी भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के लिए कठिन परीक्षा थी जिसमें हम बखूबी सफल हुए। स्कूल बंद होने के बावजूद, दीक्षा और स्वयं जैसे प्लेटफॉर्मों ने सुनिश्चित किया कि पढ़ाई अनवरत चलती रहे। लद्दाख और केरल के छात्र भी भारत भर के शिक्षकों द्वारा तैयार की गई शिक्षण सामग्री का प्रयोग कर सकते हैं। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन ने अपना आकार लिया जिससे नागरिकों को एक डिजिटल आईडी के माध्यम से अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक पहुंच प्राप्त हुई और अस्पतालों एवं राज्यों में सहज वातावरण बन सका। वाणिज्य में भी एक शांत क्रांति देखी गई। डीपीआईआईटी की पहल, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) अब छोटी किराना दुकानों और हथकरघा बुनकरों को बड़ी ई-कामर्स कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बना रही है।

नीति आयोग की अभिसरण भूमिका-मंत्रालयों, राज्यों, स्टार्टअप्स और उद्योग जगत को एकजुट करना है-जो सुनिश्चित करता है कि डिजिटल सार्वजनिक वस्तुएं अंतर-संचालनीय, समावेशी और स्केलेबल हों। जैसे-जैसे भारत अपने 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, नये आयाम उभर रहेहैं : एआई-सक्षम शासन, विकेंद्रीकृत वाणिज्य और बहुभाषी, मोबाइल-प्रथम डिजिटल सेवाएं जो देश के सबसे गरीब व्यक्ति तक पहुंच सकती हैं। लेकिन यह सिर्फ एक सरकारी सफलता से जुड़ी कहानी नहीं है। यह एक राष्ट की कहानी है-करोड़ों नागरिकों की कहानी है, जिन्होंने बदलाव को अपनाया, उद्यमियों की कहानी है, जो डिजिटल रेल पर आगे बढ़े, और स्थानीय लीडरों की कहानी है, जिन्होंने सेवा वितरण की कल्पना की। भारत का डिजिटल दशक सिर्फ तकनीक का नहीं है-यह बदलाव का दशक भी है, और यह कहानी का अभी प्रारंभिक चरण ही है।

## विचार सरिता

# पास पड़ोस में : जब कवि कुमार की गली में बनना शुरू हुआ सीमेंट-कांक्रीट रोड (भाग 2 समापन भाग)

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



जब सड़क बननी शुरू हुई तो मोहल्ले में लोगों की आवाजाही प्रभावित होनी ही थी। सभी लोगों ने अपने-अपने घर के सामने रखे गए दुपहिया वाहनों, साइकिलों आदि को निर्माण क्षेत्र से स्वेच्छा से बाहर रख दिया। इसके बाद जमीन समतलीकरण का कार्य हुआ। फॉर्म वर्क सांचे की मदद ली गई और उस पर कंक्रीट के मिश्रण को डाला गया। अन्य विधियों का प्रयोग कर सड़क का निर्माण शुरू हुआ। कई लोग अपने घर के दरवाजे पर या सामने पोर्च में खड़े होकर सड़क बनाने वालों को कई तरह के निर्देश देने लगे।

झमेला राम ने कहा, 'सड़क एकदम समतल रखिए नहीं तो बारिश में पानी पूरी तरीके से निकलेगा नहीं।'

'हम पहले ही इसका ध्यान रख रहे हैं। आप निश्चिंत रहिए।' सुपरवाइजर ने कहा।

झमेला राम जी को सुपरवाइजर से बात करते देखकर उनके पड़ोस वाली भाभी ने सुपरवाइजर से कहा,

'ऐसा लगता है आप स्लोप को हमारे घर की ओर नीचे कर रहे हैं। ऐसे में तो सारा पानी हमारे यहां ही आ जाएगा।'

'चमकी भाभी! आप निश्चिंत रहिए। मैं आपके घर की तरफ ढलान करने नहीं बल्कि पूरी सड़क को समतल करने के लिए बोल रहा हूं।' झमेला राम जी ने मुस्कुराते हुए कहा।

'मैं समझती हूं झमेला जी, मैं केवल आगाह कर रही थी कि कहीं असावधानीवश कोई गलती ना हो जाए।' चमकी भाभी ने दोगुनी मुस्कुराहट के साथ कहा।

प्रत्येक घर के कोई न कोई सदस्य अपने दरवाजे पर इसलिए तैनात थे कि कहीं सड़क बनते-बनते उनके घर के क्षेत्र में कोई अन्याय न हो जाए।

धृष्टचंद अपने घर की सरहद को थोड़ा विस्तार देना चाहते थे, इसलिए उन्होंने सड़क बनाने वालों से 2 फीट छोड़कर सड़क बनाने के लिए कहा। सुपरवाइजर ने तपाक से कहा, 'आप कृपया काम में हस्तक्षेप ना करें, जितनी माप की सड़क है, उतने में ही यह निर्माण कार्य होगा और आप अपने घर की बाउंड्री को बढ़ाने का प्रयास न करें। हमें सख्त निर्देश मिला है और हम ऐसा नहीं कर सकते हैं।'

इसी तरह नोंक-झोंक और तर्क-वितर्क के बीच सड़क निर्माण कार्य पूरा हुआ और मजदूरों ने कार्य पूरा होने की घोषणा कर दी। सुपरवाइजर ने कहा 'तीन-चार दिनों के बाद हमारे मजदूर फिनिशिंग के लिए फिर आएंगे तो फिर आप लोग थोड़ा सहयोग करिएगा और कम से कम अभी 10 से 12 घंटे इस सड़क पर ना कोई वाहन चले और ना कोई व्यक्ति।'

नागरिकों ने इस पर उन्हें धन्यवाद देते हुए अपनी सहमति व्यक्त कर दी। यह मार्ग-विराम बढ़ीया चल रहा था, मानो मोहल्ले में कोई अस्थाई संघर्ष विराम हो गया हो, लेकिन फिर एक बार संघर्ष की नौबत आ गई और एक ई-कॉमर्स कंपनी का डिलीवरी बॉय अपनी मोटरसाइकिल लेकर इधर ही आता हुआ दिखाई दिया। व्यवस्था कुमार इस मार्ग की स्वेच्छा से निगरानी कर रहे थे। उन्होंने जोर से चिल्लाकर डिलीवरी बॉय को वहीं रोक दिया। वह अपनी मोटरसाइकिल दूर खड़ी कर फिर नालियों पर रखे पत्थरों के ऊपर से होता हुआ धीरे-धीरे गंतव्य तक पहुंचा।

कुछ ही दिनों में सीसी रोड उपयोग के लिए तैयार हो गया और नागरिकों ने इसका स्वागत उसी तरह किया, जिस तरह नहरों से पानी छोड़ा जाता है और सूखे खेत को निहारते किसान इसे देखकर खुशी से उछल पड़ते हैं। कवि कुमार नगर निगम को धन्यवाद पत्र लिखने के लिए एक नई कविता की कुछ पंक्तियां सोचने लगे।

(समाप्त)

## कविता

### माँ का चेहरा नजर आये

सनातन संस्कृति में रत दैवीय जागरण में
आस्था के प्रतीक और माँ के आराधन में
मैया जी के आगे अब ना कोई नजर आये
जब-जब देखे आँखे तेरा चेहरा नजर आये
आओ हम सब भी चढ़ाये श्रद्धा के दो फूल
जीवन मे हम भी बने माँ के चरणों की धूल
उसकी महिमा के आगे कोई ना नजर आये
जब-जब देखे आँखे तेरा चेहरा नजर आये
जग मे फैली उसकी ज्योति जो सराबोर है
महिमा क्या कहे? उसकी ओर ना छोर है
जिसके कृपा से चहुँ ओर उजाला छा जाये
जब-जब देखे आँखे तेरा चेहरा नजर आये
बागो की हर फूल में, मासूम हर कली में
वसुंधरा की पावन आँचल व हर गली में
आने से तेरे चहुँ ओर आनंद बिखर जाये
जब-जब देखे आँखे तेरा चेहरा नजर आये
शक्ति और साधना के महापर्व नवरात में
उपासना से माता को रिझाने की बात में
माता के ज्योति से तिमिर भी भाग जाये
जब-जब देखे आँखे तेरा चेहरा नजर आये



प्रमेशदीप मानिकपुरी
आमाचानी धमतरी (छ.ग.)
मो. 9907126431

## कविता

### अगर मिल जाए माँ का साथ

माँ से बढ़कर कोई रिश्ता नही
माँ के जैसा कोई फरिश्ता नही
माँ का मिल जाए जिसको सहारा
इससे बढ़कर कोई करिश्मा नही।
हर कोई यहाँ पर जन्नत ढूंढता है
कोई मंदिर मस्जिद में भटकता है
माँ को भला क्यूं लोग भूल जाते हैं
माँ में ही तो सारा जहाँ मिलता है।
कोई कितना भी परेशां क्यों न हो
किसी की लाख बद्दुआ क्यों न हो
अगर मिल जाए माँ का वह साथ
खुदा साथ हैं गर नाराज क्यों न हो।
माँ से दूर हो के कोई सलामत नही
माँ की सेवा से बड़ी कोई इबादत नही
इसकी गोद में है जन्नत की खुशियाँ
इससे बढ़कर कहीं भी हिफाजत नही



अशोक पटेल ''आशु''
तुस्मा,शिवरीनारायाण(छ ग)

## कविता

### अब 'रिश्ते' कैसे

जीवन में थक तुम भी बहुत गए होंगे, थक हम भी बहुत गए हैं,
धीरे-धीरे अब रिश्ते और लोग बदलने लगे हैं,
अपना कहने वालों के दिलों दिमाग में अब
तेरे-मेरे के भाव भरने लगे हैं।।
वक्त आने पर दुखों में रिश्ता ही देता था साथ आपका,
स्वार्थ मोह-माया, संचय में, बेटा-बेटी भी
अब रह गया ना मांई- बाप का।।
मुश्किलों में वह आपको हसाएं, संकट से तुम्हें बचाए,
दुखों की बोझ कम कर जाए, खुशहाली, प्रसन्नता रिश्तो में समाएं।।
पल दो पल पहर, दो पहर, हफ्तों महीनो में होती थी मुलाकात,
अब तो रिश्ते सिर्फ मृत्यु, शादी, समारोह में मुलाकात रह गया है।।
लम्हा-लम्हा, मिट रहा, देह एक दिन मिट्टी में मिल जाना है,
तुम्हारा पैसा, तुम्हारा गाड़ी, बंगला धरती पर यूं ही रह जाना है।।
क्यों किसी की बदनामी कर, अपनी वाणी को बुरा बनाएं,
चलने दो उसे दुनिया मतलब से, हम प्यार से रिश्ते चलाएं।।
जुबान पर मिश्री सा मिठास, और कलेजा में हलाहल रखते हैं,
रिश्तो को अपनत्व के भाव से नहीं,
पैसे और प्रतिष्ठा से परखते हैं।।
खून की रिश्तो को भी, अमीरी-गरीबी की तराजू से तौलते हैं,
धन से कमजोर के लिए अजनबी, और
धनवान के लिए बातों में शहद घोलते हैं।।
सामने मेरे हैं, पीछे किसी और के,
गर ठहर गए ये तो, मैले ना ये हो जाएंगे।



**रामलाल साहू**

## राशिफल

**मेष** — भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। सगे-संबंधियों के बीच प्रगाढ़ता बढ़ेगी। निकट संबंधों में शंकाओं को न हावी होने दें। जीवन साथी के स्वास्थ्य का ख्याल रखें।

**वृष राशि** — विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। महत्वपूर्ण कार्यों की पूर्ति में आलस्य न करें। अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**मिथुन** — अच्छे कार्यों द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीतिज्ञों को ग्रहों का सहयोग प्राप्त होगा। संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रोजगार में लाभकारी स्थिति प्रसन्न रखेगी।

**कर्क** — अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा। अच्छी आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। बीती हुई बातों को भूलने की कोशिश करें। रोजगार में कुछ अच्छे अवसर बनेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी।

**सिंह** — नकारात्मक चिंताओं का त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें। आवेश में लिये गये निर्णय से कष्ट संभव। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — किसी नये कार्य में आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बढ़ेंगे। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**तुला** — पारिवारिक चिंताओं से मन परेशान होगा। घरेलू कार्यों में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाऐगी। महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी।

**वृश्चिक** — पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के आसार हैं। रोजगार क्षेत्र में परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा।

**धनु** — उपस्थित साधनों में सन्तुष्ट व तृप्त होने का प्रयत्न करें। मन अच्छी कल्पनाओं से प्रभावित रहेगा। निर्थक दूसरों की आलोचना न करें। कुछ नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी।

**मकर** — अपने अंदर धैर्य व वाणी में मधुरता लावें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। प्रियजनों का सन्निध्य प्राप्त होगा। गुप्त विरोधियों से सतर्क रहें। विभागीय परिवर्तन से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

**कुंभ** — कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुबिधाग्रस्त होगा। अच्छे कार्यों के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। राजनीतिज्ञों के लिए समय अनुकूल होगा। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — भावनात्मक समस्याओं पर सगे-संबंधों में खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व क्षमता की अनुभूति करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को कल पर न टालें। पिता के स्वास्थ्य का ख्याल रखें। मन में नकारात्मक विचार न आने दें।

## शब्द सामर्थ्य -186

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 185 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

# सांसद संतोष पाडेंय की पहल : आंको में 7 लाख रुपए के शेड निर्माण का भूमिपूजन, ग्रामीणों ने जताया आभार

छुरिया (दावा)। लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने वनांचल के ग्राम पंचायत पेंड्रीडीह के आश्रित ग्राम आंको के ग्रामीणों को बड़ी सौगात दी है। ग्रामवासियों की मांग पर सांसद ने कला मंच के सामने शेड निर्माण के लिए स्वीकृत 7 लाख रूपए के कार्य का भूमिपूजन किया। जिससे गांव में हर्ष का माहौल है।

सांसद की घोषणा पूरी होने पर ग्रामवासियों ने भूमिपूजन समारोह के लिए खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के नेता चंद्रिका प्रसाद ड़डसेना, जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, मंडल अध्यक्ष कांता प्रसाद साहू, सेक्टर प्रभारी धन्ना यादव सहित अन्य पदाधिकारियों को आमंत्रित किया। अतिथियों ने सबसे पहले माँ दुर्गा प्रतिमा की पूजा-अर्चना की।



### शेड से आर्थिक मजबूती का दावा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री ड़डसेना ने कहा कि जब से राज्य में उनकी सरकार बनी है। विकास की गंगा बह रही है और सांसद संतोष पांडेय राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र का निरंतर विकास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शेड निर्माण की स्वीकृति से गांव के सामूहिक कार्य, धार्मिक आयोजन, शादी-विवाह और नाच-गम्मत अब आसानी से हो सकेंगे। इस शेड के बनने से ग्रामीणों को बार-बार पंडाल लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। जिससे गांव आर्थिक रूप से मजबूत बनेगा।

### जन-कल्याणकारी योजनाओं की सराहना

जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार की योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरकार सभी वर्गों के लिए काम कर रही है। जिसके तहत महतारी वंदन योजना में महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपए उनके सम्मान में दिए जा रहे हैं। साथ ही, किसानों को उनके हक में धान उपार्जन खरीदी 3100 रूपए प्रति क्विंटल के दर पर की जा रही है। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष कांता साहू, धन्ना यादव और सरपंच कल्याण सिंह चंद्रवांसी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नैनसिंह पटेल, टीकम साहू, देवानंद सहारे, ईश्वर लड़े, इठोबा चौहान, दरबार यादव, खिलावन साहू, अशोक सलामे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# केसीजी पुलिस द्वारा त्यौहारों के मद्देनज़र सभी बैंकों की व्यापक चेकिंग की गई

### अप्रिय घटनाओं की रोकथाम एवं जनसुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु विशेष हिदायतें दी गई

### पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान बैंकों के सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम एवं अग्निशमन उपकरणों की जांच की


खैरागढ़ (दावा)। त्यौहारों के सिजन को देखते हुए खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला पुलिस ने सभी बैंकों की व्यापक चेकिंग की गई और बैंकों में तैनात सुरक्षा कर्मियों को सतर्क रहने एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए। बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपराध की रोकथाम हेतु आवश्यक सावधानियां बरतने की सख्त हिदायत दी। साथ ही सभी बैंक कर्मियों एवं अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना तुरंत डायल 112 अथवा पुलिस कंट्रोल रूम (9479247401) पर दें।



### साइबर फ्रॉड की स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन नंबर में सूचना दे

साइबर फ्रॉड होने की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क कर सूचना दर्ज करें।

त्योहारों के अवसर पर बढ़ती भीड़ एवं संभावित जोखिम को देखते हुए जिला केसीजी पुलिस जनता की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पूर्णतः तत्पर है।



डोंगरगढ़ (दावा)। दुर्गा उत्सव समिति शीतला पारा, रामाटोला



डोंगरगढ़ (दावा)। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति सड़क पारा, रामाटोला



डोंगरगढ़ (दावा)। नव ज्योत दुर्गा उत्सव समिति धनडोंगरी



डोंगरगढ़ (दावा)। नवदुर्गा उत्सव समिति गोविंदपुर

# संपूर्ण धरती के कल्याण के लिए दाई बमलाई को किया पंचमी भेंट का आयोजन, उत्साहमय वातावरण संपन्न

### गोंडवाना सभी जाति धर्मों का सदैव सम्मान करता है - मदन मंडावी

डोंगरगढ़(दावा)। तहसील इकाई ध्रुव गोंड समाज ने पुरखों से चली आ रही परंपरा के अनुरूप प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोंडवाना समाज के तत्वधान में कुवांर नवरात्र के पंचमी तिथि को रियासत कालीन प्राचीन लोक संस्कृति, अपने रूढ़िजन्य परंपरा के अनुसार अपने कुलदेवी दाई बमलाई को बड़े धूमधाम हर्षोल्लास के साथ हजारों की भीड़ में पंचमी भेंट किया गया। जिसमें मुख्य रूप से खैरागढ़ राज रियासत के राजकुमार भवानी बहादुर सिंह, ओड़ारबांध महासभा के अध्यक्ष मदन नेताम, संचालक रमेश उइके, तहसील समाज अध्यक्ष संतोष पड़ोटी एवं तहसील क्षेत्र के समस्त मुड़ादार भग्गू मांडवी, नरोत्तम कुंजाम, दानी मांडवी, प्रेमलाल मंडावी, भूषण मरकाम, मायाराम मंडलोई, मदन खुरश्याम, दशरथ नेताम एवं भूमका पुजारीगणों के साथ गढ़ के दाई बमलाई को संपूर्ण धरती के गंडजीव जगत के कल्याण के लिए सेवा अर्जी कर माई को पंचमी भेंट समर्पित किया गया।



0 डोंगरगढ़ प्राचीन काल में गोड़ियन वंश के राजा कमलनारायण सिंह, वीरेंद्र बहादुर का गढ़ हुआ करता था

विदित हो कि डोंगरगढ़ प्राचीन काल में गोंडवाना साम्राज्य के 57 परगना क्षेत्र में से एक रहा है। जहां गोड़ियन वंश के राजा कमलनारायण सिंह, वीरेंद्रबहादुर का गढ़ हुआ करता था। जो राजकुमार भवानी बहादुर सिंह के दादा-परदादा थे। गोंडवाना सभी जाति-धर्मों का सदैव सम्मान करता है। मान्यता के अनुसार मां बमलेश्वरी देवी मां का यह मंदिर कल्चुरी कालीन 2000 वर्ष पुराना है। इसका इतिहास 12वीं व 13वीं ईस्वी के लगभग का माना जाता है। यह गोंडवाना संस्कृति की छाप वास्तुकला से माना जाता है। डोंगरगढ़ दाई बमलेश्वरी के दरबार में प्रतिवर्ष लाखों भक्त दर्शनार्थ अपने मनोकामना और आस्था विश्वास प्रकट करने आते है।

मां बमलेश्वरी छत्तीसगढ़ की देवियों में एक प्रमुख देवी माना जाता है। अपने प्राचीनतम पौराणिक लोक गाथा, किवंदतियों, जनश्रुतियों, स्वप्न दृष्टियों, लोक दृष्टियों के साथ लोगों की मनोकामनाएं पूर्ति करती रही है। यूँ कहें आज डोंगरगढ़ रियासतकालीन से लेकर धार्मिक आस्था का केंद्र बना हुआ है। उक्त जानकारी मदन मंडावी तहसील गोंड समाज डोंगरगढ़ ने दी।

# विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने दुर्गाष्टमी पर कराया 'कन्या भोज'



### कन्या भोज हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है - विधायक

डोंगरगढ़ (दावा)। पूरे देश में शारदीय नवरात्रि की धूम के बीच, मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-अर्चना का क्रम जारी है। इस दौरान, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने दुर्गाष्टमी के पावन अवसर पर अपने निज निवास पर कन्या भोज का आयोजन किया।

हिंदू धर्म में, विशेष रूप से नवरात्रि के दौरान, छोटी बच्चियों को देवी का रूप मानकर उनकी पूजा करने और भोजन कराने की परंपरा है, जिसे कन्या पूजन या कन्या भोज कहा जाता है। विधायक बघेल ने इसी आस्था और परंपरा का निर्वहन करते हुए, अष्टमी के दिन अपने घर पर कन्याओं को भोजन कराया और उनका आशीर्वाद लिया। इस धार्मिक आयोजन में, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने स्वयं कन्याओं को श्रद्धापूर्वक भोजन परोसा, उनके चरण धोए और उन्हें उपहार भेंट किए। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि यह हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और मां दुर्गा की कृपा से ही यह आयोजन संभव हो पाया। उन्होंने प्रदेश की खुशहाली और जनता के कल्याण के लिए भी देवी से प्रार्थना की।

# दुर्गा उत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, विक्रांत ने खैरागढ़ नगर के पंडालों में की मां दुर्गा की आराधना

खैरागढ़ (दावा)। शारदेय नवरात्र के अवसर पर खैरागढ़ नगर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में केसीजी जिला पंचायत के उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने पहुंचकर माता रानी के दर्शन किए। उन्होंने मां दुर्गा से क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

### जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

इस धार्मिक अवसर पर नगर के गणमान्य जनप्रतिनिधि और भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, विकेश गुप्ता, शैलेन्द्र त्रिपाठी, पार्षद चन्द्रशेखर यादव, नंद चंद्राकर, जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह, आलोक श्रीवास, शहर भाजयुमो अध्यक्ष अनीश सिंह, अनुज देवांगन, पार्षद व सभापतिव्दय सुमित टांडिया, अजय जैन, रूपेश रजक सहित नगर के सभी पार्षदगण एवं अनेक भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने मिलकर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की और नगर में शांति, समृद्धि और सामाजिक सौहार्द्र की कामना की।

### नगरवासियों में दिखा उत्साह

नगरवासियों में दुर्गा उत्सव को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। माता के भव्य पंडाल, आकर्षक विद्युत सज्जा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जगह-जगह माता के जयकारे गूंजते रहे और श्रद्धालु भक्ति भाव से झूमते नजर आए।

### भव्य आयोजन के लिए समिति का आभार

विक्रांत सिंह ने दुर्गा उत्सव समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में एकता और समरसता की भावना मजबूत होती है। उन्होंने समिति के सदस्यों और नगरवासियों को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

# नवरात्रि पर विष्णु लोधी ने किया कन्या भोज का आयोजन



डोंगरगढ़ (दावा)। नवरात्रि के पावन अवसर पर दुर्गा अष्टमी के दिन, छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने यहां कन्या भोज का भव्य आयोजन किया। इस धार्मिक कार्यक्रम में श्री लोधी ने पूरे विधि-विधान से नन्हीं कन्याओं का पूजन किया और उन्हें भोग प्रसाद ग्रहण कराया। इस अवसर पर श्री लोधी ने कहा कि नवरात्रि में कन्या पूजन की परंपरा हमें माँ दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त करने का अवसर देती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह परंपरा समाज में बेटियों के सम्मान और उनके प्रति हमारी श्रद्धा का संदेश देती है। उन्होंने आगे कहा कि नन्हीं कन्याओं में देवी स्वरूप की उपासना करके हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हम सभी को बालिकाओं के सम्मान और उनके सर्वांगीण विकास के लिए सदैव सक्रिय रूप से प्रयासरत रहना चाहिए। इस पवित्र मौके पर विष्णु लोधी ने माँ दुर्गा से छत्तीसगढ़ प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और शक्ति की कामना की।

# परिक्षेत्रीय साहू समाज मुसरा का चुनाव संपन्न



### मुंदगांव निवासी पन्नालाल साहू निर्विरोध अध्यक्ष घोषित

डोंगरगढ़ (दावा)। तहसील साहू संघ डोंगरगढ़ अन्तर्गत परिक्षेत्रीय साहू समाज मुसरा का चुनाव बहुत ही हर्षोल्लास एवं शांति प्रिय माहोल में संपन्न हुआ। साहू समाज के तहसील अध्यक्ष हंसराज साहू के नेतृत्व में एवं निर्वाचन अधिकारी हेमन्त साहू, कचरु साहू के दिशा-निर्देशन में सभी निर्वाचन निर्विरोध सम्पन्न हुआ। निर्वाचन को सफल बनाने तहसील पदाधिकारी अशोक दास साहू, कंवल राम साहू एवं श्रीमती सुजाता साहू की उपस्थिति रही। प्रदेश के दिशा निर्देशन का पालन करते हुए मंडल के सभी पदाधिकारी एवं उपस्थित सामाजिक जनों के गहन चिन्तन मनन पश्चात मुंदगांव निवासी भाई पन्नालाल साहू निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किए गये। क्रम से अन्य पदाधिकारियों की घोषणा की गई।

# सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आईटीआई डोंगरगांव में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। सेवा पखवाड़ा अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डोंगरगांव परिसर में साफ-सफाई, पौधरोपण, विकसित भारत विषय पर मेकिंग सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही संस्था के पूर्व प्रशिक्षणार्थियों एवं वर्तमान प्रशिक्षणार्थियों जॉब अपार्चुनिटी, कैरियर एवं साक्षात्कार सहित अन्य विषयों पर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य व अन्य स्टॉफ एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

# आज ग्राम बोदेला में पंडवानी कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। नवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम बोदेला में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में 1 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे से अंतर्राष्ट्रीय पंडवानी गायक श्रीकृष्ण किंकर महाभारत पंडवानी पार्टी ग्राम पांहदा कुम्हारी दुर्ग चेतन लाल देवांगन एवं साथी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम प्रमुख हीरामन साहू एवं झनेंद्र श्रीवास ने दी तथा आसपास के क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# परिक्षेत्र साहू समाज मोखला के सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित

राजनांदगांव (दावा)। तहसील साहू संघ राजनांदगांव के अंतर्गत मोखला परिक्षेत्र साहू समाज का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें तहसील साहू संघ राजनांदगांव से चुनाव पर्यवेक्षक चंद्रशेखर साहू, चुनाव अधिकारी तिलक राम साहू, गिरीश साहू, श्रीमती तेजेश्वरी साहू की उपस्थिति में चुनाव संपन्न हुआ।



सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिसमें अध्यक्ष राहुल साहू बूचीभरदा, उपाध्यक्ष लखन लाल साहू मोखला, उपाध्यक्ष महिला श्रीमती गायत्री साहू आरला, संगठन सचिव त्रिलोक साहू आरला, संगठन सचिव श्रीमती संगीता साहू मोखला, दीपक साहू जंगलेसर को कोषाध्यक्ष एवं सचिव भूपेश कुमार साहू बुचीभरदा को मनोनीत किया गया।

# नवरात्र पर्व पर ग्रामीण क्षेत्रों में भक्तिमय माहौल, अष्टमी हवन-पूजन संपन्न



डोंगरगढ़/बेलगांव (दावा)। शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में क्वांर नवरात्र में 9 दिन देवी मंदिरों व विभिन्न समितियां द्वारा मां दुर्गा सरस्वती काली की पूजा अर्चना मूर्ति स्थापना कर की गई। गांव-गांव में स्थित मां शीतला माता के मंदिर में ज्योति जावरा स्थापित किए गए। नवरात्र पर्व के दौरान पूरे 9 दिन तक गांव में नवरात्रि की धूम रही। तथा पूरे गांव का माहौल भक्तिमय रहा। इस अवसर पर कई समितियां द्वारा दुर्गा सरस्वती पंडाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा जस गीत का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कार्यक्रम का आनंद उठाया। बेलगांव क्षेत्र के ग्राम कोलेंद्रा, ठाकुरटोला, रीवागहन, जटकन्हार, मुसराकला, डारगांव, पालंदुर, सहसपुर, जारवाही, कुसमी, मोहरा सहित अंचल के सभी गांव में स्थित मां शीतला माता मंदिर तथा दुर्गा सरस्वती पंडाल में पूरे विधिविधान के साथ हवन पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कई जगह भंडारे का आयोजन तथा खीर-पुरी का वितरण समितियों द्वारा किया गया।

# नवरात्रि मेला में शांति भंग करने वाले 6 बदमाशों के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

डोंगरगढ़(दावा)। कल 27 सितंबर के रात्रि में मेला ग्राउण्ड में कुछ बदमाश अलग-अलग जगह में वाद-विवाद कर मेला का माहौल खराब कर रहे है कि सूचना मिलने पर डोंगरगढ़ पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां अनावेदक जो मेला ग्राउण्ड में अलग-अलग जगह में दर्शनार्थियों, मेला देखने आये लोगों एवं दुकानदारों को परेशान कर वाद-विवाद कर रहे थे, लोगों एवं पुलिस के समझाने पर नहीं मानने से छः बदमाशों के विरूद्ध धारा- 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर प्रतिबंधित करने हेतु एसडीएम के न्यायालय में पेश किया गया है।



प्रतिबंधित किये अनावेदकों में अभिषेक कुमार उर्फ बिहरवा साव पिता अरविन्द साव उम्र 19 साल निवासी न्यू कृष्णा नगर धनवर्ती स्कुल के पास सुपेला भिलाई जिला दुर्ग छ.ग., संतोष यादव पिता विसाली यादव उम्र 28 साल निवासी शिवाजी नगर मौहबाजार डबरा पारा रायपुर थाना आमानाका जिला रायपुर छ.ग., अविनाश ताड़ी पिता नेपाल ताड़ी उम्र 32 साल निवासी रायपुर नाका मस्जिद के पास मकान नं. 564 वार्ड नं. 47 पदनाभपुर जिला दुर्ग छ.ग., रोहित कुमार पिता प्रदीप काटसलपेय उम्र 28 साल निवासी रायपुर नाका मस्जिद के पास वार्ड नं. 47 पदनाभपुर जिला दुर्ग छ.ग., जुबैद मिर्जा पिता गुलजार मिर्जा उम्र 20 साल निवासी कन्हैयापुरी कसारीडीह दुर्ग छ.ग. एवं देवेन्द्र सोरी पिता सुरजित सोरी उम्र 20 साल निवासी लखोली जिला राजनांदगांव छ.ग. शामिल है।

# दुर्गा विसर्जन के लिए नगर निगम ने की व्यापक व्यवस्था

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा दुर्गा विसर्जन अवसर पर मूलभुत सुविधा सहित व्यापक व्यवस्था की जा रही है। जिसके लिए निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है तथा मोहारा स्थित विसर्जन कुण्ड की सफाई करायी जा रही है। निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने समितियों से अपील की है कि दुर्गा, काली एवं सरस्वती की प्रतिमा मोहारा स्थित विसर्जन कुण्ड में ही करे, तालाबों को प्रदूषण से बचाने अन्य तालाबों में विसर्जन न करे।


मोहारा स्थित विसर्जन कुण्ड की सफाई जारी

उक्ताशय की जानकारी देते हुए नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि दुर्गा विसर्जन पर्व पर मूलभूत दायित्वों के निर्वहन के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है। जिसके लिए कार्यपालन अभियंता दीपक कुमार खाण्डे (मो.न. 79993-94146) को नोडल अधिकारी तथा प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा (मो.नं. 83197-31636) को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। साथ ही सभी उप अभियंताओं को अलग अलग प्रभार सौंपा गया है। शहर के सभी प्रतिमाओं की विसर्जन के लिए मोहारा स्थित विसर्जन कुण्ड की सफाई कराने आयुक्त विश्वकर्मा ने नोडल अधिकारी श्री खाण्डे को निर्देश दिये है। निर्देश के अनुक्रम में विर्सजन कुण्ड की सफाई की जा रही है।

आयुक्त ने बताया कि 1 व 2 अक्टूबर को दुर्गा विसर्जन के लिए मोहारा नदी में निर्मित विसर्जन कुण्ड में विसर्जन कराये जाने प्रकाश व्यवस्था, मूर्ति विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था की जा रही है। विर्सजन उपरांत वेस्ट मटेरियल, पूजा समाग्री, फूल, कपड़े, प्लास्टिक पेपर आदि सुरक्षित एकत्र कर पुर्नः उपयोग एवं कम्पोस्टिंग आदि में भेजने 1 अक्टूबर के लिए उप अभियंता अुनप पाण्डे (मो.नं. 74705-47099) को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है एवं 2 अक्टूबर के लिए प्र.कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम (मो.नं. 83197-26288) को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है तथा रानीसागर व सर्किट हाऊस के पास मूर्ति लाने ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था हेतु उप अभियंता श्रीमती ज्योति साहू (मो.नं. 87709-99761) को व नंदई चौक में शहर से आने वाले मूर्तियों के लिए वाहन व्यवस्था हेतु उप अभियंता मोनेन्द्र साठिया (मो.नं. 89826-24140) को प्रभारी बनाया गया है तथा इन सबके लिए उप अभियंताओं को सहयोगी बनाया गया है। साथ ही मोहारा रोड एवं मुख्य मार्गो में विद्युत व्यवस्था का प्रभार उप अभियंता तिलक राज ध्रुव (मो.नं. 99070-02411) एवं कंट्रोल रूम का दायित्व प्र.सहायक अभियंता सुश्री सुषमा साहू (मो.नं. 78285-23391) को दिया गया है। मुख्य चौक चौराहो में टैंकर उपलब्ध कराने मोटर प्रतिपालन प्रभारी, राजस्व उप निरीक्षक सुरेन्द्र साव (मों. नं. 94255-64327) को दायित्व सौपा गया है। इसके अलावा स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा (मो.नं. 93039-47901) सहित उनकी टीम को शहर के सम्पूर्ण क्षेत्रो में विशेष साफ-सफाई व्यवस्था का प्रभार दिया गया है एवं शहर के भीतरी इलाकों में घुमने वाले आवारा पशुओं को पकड़ने तथा विसर्जन के दौरान विशेष रूप से यातायात सुविधा की दृष्टि से आवारा पशुओं को पकड़ने आदि का दायित्व उप अभियंता तिलक राज ध्रुव (मो.नं. 99070-02411) सौंपा गया है।

# शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय में कर्मचारियों ने किया दुर्गा माता का महापूजन

**राजनांदगांव (दावा)। आज 30 सितम्बर को माँ शारदेय नवरात्रि महापर्व महाअष्टमी दिवस के पावन अवसर पर स्थानीय 'शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय' में अधिकारी सहायक संचालक नकुल ध्रुव तथा संघ के संभागीय अध्यक्ष दुर्ग संभाग, जिला सचिव व विभागीय उप समिति के जिला संयोजक आनंद कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में मां दुर्गा काली का महापूजन किया गया।**



गौरतलब हो कि साहित्यिक तपोभूमि नगरी राजनांदगांव की पहचान 'सरकारी प्रेस' के रूप में सुप्रसिद्ध शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय के पुराने समय (लगभग 1950 के दशक से अब तक भी) से सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों की बनायी हुई बरसों बरस पुरानी गौरवशाली इतिहासिक परंपरा का पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ मुद्रणालय के समस्त कर्मचारियों के द्वारा एकमतेन होकर महाअष्टमी पूजन कार्य किया जाता है। यह परंपरा पूर्व में राष्ट्रीय राजमार्ग में लालबाग के सामने स्थित संचालित रहे शासन प्रादेशिक मुद्रणालय भवन में 1950 के दशक से अबाधित रूप से अनवरत जारी है।

इस अवसर पर पंडित के द्वारा समस्त कर्मचारी साथियों से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान पूर्वक पूजन-अर्चन कराया जाकर 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया, सर्वे भद्राणि पश्यंतु, कश्चिद मां दुख भागभवेत। की सर्व मंगल की कामना करते हुए हवनादि कर्म संपन्न कराया गया। पश्चात् में महाप्रसादी हलुआ-पुरी-चना साग व खिचड़ी का भण्डारा करवाया गया। इस अवसर पर मुद्रणालय के समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# जिला स्तरीय ओपन कुश्ती दंगल 5 को विजेताओं को मिलेगा नकद इनाम

**शहर के नामचीन हस्तियों की स्मृति में होगा आयोजन**

राजनांदगांव (दावा)। शहर में आगामी 5 अक्टूबर, रविवार को एक भव्य जिला स्तरीय ओपन कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में विजेताओं के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार रखे गए हैं। यह जिला स्तरीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता शहर के नामचीन और लोगों की स्मृति में आयोजित की जा रही है।

आयोजन स्व. पुरूषोत्तम आजमानी (सत्तु भैय्या), स्व. शहीद उदय मुदलियार, उस्ताद स्व. धुर सिंग निषाद, रचनाकार स्व. परमानंद काठोलिया, उस्ताद स्व. माताधिन शर्मा, और उस्ताद स्व. केवल चंद जैन को समर्पित है। इस जिला स्तरीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता के आशीर्वादक सेवाराम यादव होंगे। राधे लाल धीवर ने बताया कि इस प्रतियोगिता के आयोजक समस्त अखाड़ा, जिसमें बाली अखाड़ा नंदई बांसपई पारा और आजाद हिन्द अखाड़ा मोतीपुर शामिल हैं।

### पंजीयन और आयोजन समिति

आयोजन समिति के अध्यक्ष खिलेश बंजारे, सचिव गोपेन्द्र बंजारे और संरक्षक मनोज यादव, तामेश्वर बंजारे ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों से निवेदन किया है कि इस निःशुल्क कुश्ती-दंगल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए वे सुबह 8 से 10 बजे के बीच आकर अपना पंजीयन अवश्य करा लें। यह आयोजन खेल और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# अपने भीतर के अवगुणों को हटाकर गुणों का विकास करो-मुनि वीरभद्र

**राजनांदगांव (दावा)। प्रख्यात जैन संत श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि अपने भीतर के अवगुणों को हटाकर गुणों का विकास हम ही कर सकते हैं, क्योंकि यह हम ही अच्छी तरीके से जानते हैं कि हमारे अंदर क्या-क्या अवगुण है।**


मजा का संबंध बाह्य सुखों से है और मोक्ष का आंतरिक सुखों से है

हमने जो पाप किया है, उससे ज्यादा हमें भाव धर्म करने की जरूरत है। जैन बगीचा स्थित उपाश्रय भवन में मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि क्रोध, मोह, माया, लोभ ये कषाय घटना की जगह बढ़ते जा रहे हैं। हम यह मानते कि कर्म का सब्जेक्ट हमारा नहीं है किंतु दोष का सब्जेक्ट तो हमारा ही है। उन्होंने कहा कि अगर हम अपने दोषों के प्रति विकार लेकर आए तो निश्चित है कि हमारे दोष जाएंगे ही और यदि दोष जाएंगे तो निश्चित है कि गुण आएंगे। उन्होंने कहा कि गुण माइंड फ्रेशनर है।

मुनि श्री वीरभद्र (विराग) जी ने पूछा कि मजा क्या है? उन्होंने कहा कि मजा निरोगी काया, हाथ जोड़कर खड़ा परिवार, शहर में सम्मान, व्यापार-धंधा पानी सब ठीक हो, हम इसे ही मजा मानते हैं। उन्होंने फिर पूछा मजा और मोक्ष में अंतर क्या है? उन्होंने बताया कि मजा का संबंध बाह्य सुखों से है और मोक्ष का संबंध आंतरिक सुखों से है। उन्होंने कहा कि जब भीतर में कोई अवगुण ना हो तब व्यक्ति मोक्ष के रास्ते में बढ़ता है। उन्होंने कहा कि हम केवल बाहरी आनंद लेते रहे हैं, हमने आंतरिक आनंद तो कभी लिया ही नहीं है। मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने बताया कि संतोष गुण है और लोभ अवगुण है, निडरता गुण है और कायरता अवगुण है। आत्मा के अनंत अवगुण खत्म हो जाए और एक भी अवगुण ना रहे। यही स्थिति मोक्ष है। भौतिक पदार्थों में जिसके पास कुछ ज्यादा हो तो भी वह दुखी हो जाता है। आध्यात्मिक जगत में सुख-दुख कुछ भी नहीं है, एक ही उद्देश्य है सिर्फ और सिर्फ आत्मा को अवगुणों से मुक्त करो और मोक्ष प्राप्त करो। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

# दुर्गा पूजा पण्डालों में चला स्वच्छता अभियान

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत स्वच्छोत्सव 2025 में दुर्गा पूजा पण्डाल में स्वच्छता अभियान आयोजित किए जाने निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम द्वारा दुर्गा पण्डालों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई करना है। इसी कड़ी में महापौर मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर शहर के दुर्गा पण्डालो में साफ-सफाई कर प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नही करने, प्रतिमा विसर्जन कुण्ड में विसर्जित करने समझाईस देकर कचरा पृथककरण हेतु अभियान चलाया जा रहा है।


पण्डाल से निकलने वाले गिला-सूखा कचरा अलग-अलग रखने दी गई समझाईस

स्वच्छोत्सव 2025 अंतर्गत स्वच्छता दीदीया शहर के दुर्गा पण्डालो में जाकर समिति के पदाधिकारियों के साथ पण्डाल के आसपास साफ-सफाई कर प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने समझाईस देकर प्रसाद आदि वितरण के समय गिला एवं सूखा कचरा अलग-अलग डब्बा में रखने जागरूक कर रहे है। जिससे कचरे का सुव्यवस्थित तरीके से निपटान हो सके तथा विसर्जन उपरांत पण्डाल के पास विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर पूर्व की भाति पण्डाल स्थल को साफ सुथरा रखने प्रेरित कर रहे है और स्वच्छता अपनाने समिति के पदाधिकारियों को शपथ दिला रहे है।

नगर निगम की स्वच्छता टीम शासन के निर्देशानुसार नदी एवं तालाबों के संरक्षण एवं संवधान के लिए तथा प्रदुषण से बचाने निगम द्वारा निर्मित विसर्जन कुण्ड में मॉ दुर्गा, काली एवं सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन करने भी समझाईस दे रहे है। स्वच्छता दीदीयों के कार्य से प्रभावित होकर एवं उनके समझाईस पर सभी समितियों द्वारा स्वच्छता अभियान से जुड़कर साफ-सफाई रखने, गिला-सूखा कचरा अलग-अलग रखने तथा प्रतिमा विसर्जन कुण्ड में विसर्जित करने संकल्प ले रहे है।

# रेलवे सुरक्षा बल का 'मेरी सहेली' अभियान

**राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रेलवे सुरक्षा बल नागपुर मंडल द्वारा महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'मेरी सहेली' अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। यह पहल रेलवे बोर्ड नई दिल्ली की महानिदेशक रेलवे सुरक्षा बल सुश्री सोनाली मिश्रा के निर्देशन तथा मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपचन्द्र आर्य के मार्गदर्शन में निरंतर प्रगति कर रही है।**


महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए 'मेरी सहेली' टीम का सतत प्रयास, 5394 यात्रियों को मिला सहयोग

इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य अकेले सफर कर रही महिला यात्रियों को पूर्ण सुरक्षा और जागरूकता प्रदान करना है। वर्ष 2025 में अब तक नागपुर मंडल की 'मेरी सहेली' टीम ने 5394 महिला यात्रियों को सहायता व सुरक्षा उपलब्ध कराई है और उन्हें यात्रा के दौरान आवश्यक सतर्कता बरतने के लिए जागरूक किया है। रेलवे सुरक्षा बल की महिला टीम स्टेशन और ट्रेन में अकेले यात्रा कर रही महिलाओं से सीधे संवाद कर उन्हें हेल्पलाइन नंबर 139 की जानकारी देती है तथा आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहायता प्रदान करती है।

किसी भी महिला यात्री को गंतव्य तक पहुंचने में कठिनाई होने पर टीम सदस्य हर संभव सहयोग कर सुरक्षित रूप से घर पहुंचने तक मदद करती हैं। नागपुर मंडल के भंडारा, गोंदिया, डोंगरगढ़ और राजनांदगांव स्टेशनों पर 'मेरी सहेली' टीमें सक्रिय रूप से तैनात हैं।

टीम सदस्य लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रा करने वाली महिलाओं से लगातार संपर्क में रहते हुए उनकी सुरक्षा और विश्वास को सुदृढ़ करते हैं। अभियान का मुख्य संदेश है कि महिलाएं अपनी यात्रा के दौरान आत्मविश्वास से भरी और सतर्क रहें। जिससे उनका सफर सुरक्षित और निश्चिंत हो सके। मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपचन्द्र आर्य ने सभी महिला यात्रियों से अपील की है कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत आरपीएफ से संपर्क करें और हेल्पलाइन 139 का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि रेलवे सुरक्षा बल महिला यात्रियों की सुरक्षा, सहयोग और विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

# संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी ठाकुरटोला, राजनांदगांव में 25 सितंबर को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. टी. कुमार के मार्गदर्शन में वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे कार्यक्रम का शुभारंभ दीप जलाकर किया।

इस वर्ष का थीमः 'थिंक हेल्थ थिंक फार्मासिस्ट' है। जिसमे विश्व में जेनेरिक दवाइयों की उपयोगिता एवं उनके गुणवत्ता और प्रभाव तथा मरीजों को क्लिनिक फार्मासिस्ट द्वारा दवाइयों की उपयोगिता एवं उनके दुष्प्रभाव को उजागर कर एक नाटक के माध्यम से गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल सोमनी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, रंगोली, पौधा रोपण, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा इस अवसर पर सभी प्राध्यापक एवं छात्रों ने फार्मेसी ओथ की शपथ ली। प्राचार्य डॉ. टी.कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नत व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और श्रीमती ईश्वरी कोर्राम, प्राचार्य, गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल सोमनी को प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स देकर आभार प्रकट किया।

# आज अश्विनी नवरात्रि अनुष्ठान की पूर्णाहुति

**स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में होगा यज्ञ-हवन, संस्कारों का भी आयोजन**

अंबागढ़ चौकी (दावा)। गायत्री शक्तिपीठ में अश्विनी नवरात्रि साधना अनुष्ठान पर्व की पूर्णाहुति कल 1 अक्टूबर, बुधवार को संपन्न होगी। हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष नवमी तिथि 1 अक्टूबर को पड़ रही है। इसी दिन नौ दिनों से चल रहे लघु अनुष्ठान साधना का समापन यज्ञ-हवन के साथ किया जाएगा। नियमित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 5 बजे देव आव्हान एवं पूजन के बाद साधकों द्वारा एक घंटे का गायत्री महामंत्र का सामूहिक जप किया जाएगा। इसके पश्चात सुबह 11 बजे से नवमी तिथि पर लघु अनुष्ठान साधना की पूर्णाहुति यज्ञ-हवन आरंभ होगी।

गायत्री परिवार के साधक प्रतिदिन एक समय फलाहार-रसाहार तथा एक समय बिना स्वाद का भोजन प्रसाद रूप में ग्रहण करते हुए, नौ दिनों तक मौन व्रत एवं कठोर साधना में लीन रहते हैं। साधकों द्वारा प्रतिदिन 27 माला (एक माला में 108 मंत्र) के अनुसार गायत्री महामंत्र का जाप किया जाता है। इस प्रकार अनुष्ठान का समापन यज्ञ-हवन द्वारा किया जाएगा।

पूर्णाहुति दिवस पर हवन कार्यक्रम के साथ-साथ गर्भ पूजन, नामकरण, अन्नप्राशन, मुंडन, विद्यारंभ, ज्ञान अर्जन, जन्मदिन तथा विवाह दिवस जैसे विभिन्न संस्कार भी संपन्न कराए जाएंगे। इच्छुक परिवारों से अनुरोध है कि वे शक्तिपीठ में नाम अंकित करा लें।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**बिहार में एसआईआर की फाइनल लिस्ट जारी.....**

में घिर गई है। विपक्षी पार्टियां आरोप लगा रही हैं कि चुनाव आयोग भाजपा के दबाव में काम कर रहा है। हालांकि, चुनाव आयोग ने इस आरोप को पूरी तरह खारिज किया है। भाजपा नेताओं का कहना है कि एसआईआर जरूरी था ताकि अवैध प्रवासी या गलत मतदाता हटाए जा सकें। चुनाव आयोग 4 और 5 अक्तूबर को पटना का दौरा करेगा और चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेगा। इसके बाद अगले सप्ताह बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान किए जाने की संभावना है। मतदाता अब अपने मोबाइल या कंप्यूटर से ऑनलाइन जाकर अपना नाम, मतदान केंद्र और अन्य विवरण आसानी से देख सकते हैं। चुनाव आयोग का जोर इस बार पारदर्शिता और तकनीकी सुविधा पर है।

**चेन्नई थर्मल पावर स्टेशन हादसा.....**

के आदेश दिए हैं। फिलहाल पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम हादसे के कारणों की पड़ताल कर रही है। श्रमिकों की सुरक्षा और निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। ये थर्मल पावर प्लांट चेन्नई में स्थित एक कोयला आधारित बिजली संयंत्र है। इसे 1970 में स्थापित किया गया था। इसकी क्षमता 450 मेगावाट है। यह राज्य का एक महत्वपूर्ण बिजली प्रदाता रहा है। वर्तमान में एन्नोर एसईजेड सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट जैसी विस्तार परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं, जिनका लक्ष्य सितंबर 2026 तक शुरू होना है।

**रिलायंस इंफ्रा के खिलाफ महाराष्ट्र और....**

कंपनी ने कहा, सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की ओर से शुरू की गई अनिवार्य मध्यस्थता कार्यवाही और माननीय बॉम्बे हाईकोर्ट के समक्ष दायर मध्यस्थता अवार्ड के जरिए रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर 6,500 करोड़ रुपये के अपने 100 प्रतिशत ऋण की वसूली के लिए एक समझौते पर पहुंची। बयान के अनुसार, अंबानी तीन साल से अधिक समय (मार्च 2022) से आर इंफ्रा के बोर्ड में नहीं थे।

**26/11 आतंकी हमला: चिदंबरम का खुलासा.....**

ने 26/11 के बाद पाकिस्तान पर हमला इसलिए नहीं किया क्योंकि अमेरिका ने मना किया। अब वही कांग्रेस मोदी सरकार के ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठा रही है। इस वीडियो पोस्ट को हजारों लोगों ने लाइक और शेयर किया। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि उस समय भारत की सैन्य और कूटनीतिक स्थिति सीमित थी, इसलिए अंतरराष्ट्रीय दबाव झेलना मजबूरी थी। लेकिन भाजपा इसे कांग्रेस की कमजोरी बता रही है। चिदंबरम ने स्पष्ट किया- यह आतंकवाद पर नरमी नहीं थी, बल्कि रणनीतिक फैसला था। मैंने कोई रहस्य उजागर नहीं किया, बस व्यक्तिगत विचार साझा किए हैं।

**तीन-चार दिन में शांति योजना पर.....**

युद्धविराम, 72 घंटे में बंधकों की रिहाई, हमास का हथियार छोड़ना और गाजा से इजरायल की धीरे-धीरे वापसी शामिल है। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए ट्रंप ने कहा कि बाकी सभी पक्ष इस योजना पर सहमत हो चुके हैं और अब सिर्फ हमास का इंतजार है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा, अरब देश तैयार हैं, मुस्लिम देश तैयार हैं, इजरायल तैयार है। अब बस हमास पर निर्भर करता है। अगर उन्होंने योजना को नहीं माना, तो इसका बहुत दुखद अंत होगा।

**छत्तीसगढ़ में सरकारी कर्मचारियों....**

बकाया ऋण राशि रूपये 24,50,05,457/- (रूपये चौबीस करोड़ पचास लाख पांच हजार चार सौ सत्तावन मात्र) एकमुश्त वापस किये जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के द्वारा राज्य के दिव्यांगजनों को स्वरोजगार और शिक्षा हेतु न्यूनतम 3 प्रतिशत ब्याज की दर से ऋण प्रदाय किया जाता है। मंत्रिपरिषद द्वारा स्पेशल एजुकेटर के पदों पर सीधी भर्ती हेतु स्कूल शिक्षा विभाग के भर्ती एवं पदोन्नति नियम-2019 के प्रावधानों में एक बार के लिये छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया। यहां यह उल्लेखनीय है कि वित्त विभाग द्वारा शिक्षा विभाग को राज्य में 100 स्पेशल एजुकेटर की भर्ती की अनुमति दी गई है। शिक्षा विभाग के भर्ती नियम-2019 को शिथिल करते हुए स्पेशल एजुकेटर के पदों पर सीधी भर्ती चयन परीक्षा के स्थान पर एक बार मेरिट के आधार पर करने का अनुमोदन मंत्रिपरिषद ने प्रदान किया। मंत्रिपरिषद की बैठक में आज मुख्य सचिव के पद से सेवानिवृत्त हो रहे 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अमिताभ जैन को भावभीनी दी गई और नवनियुक्ति मुख्य सचिव विकास शील (भारतीय प्रशासनिक सेवा 1994 बैच) का स्वागत किया गया।

**मेरे खिलाफ करें कार्रवाई, लेकिन....**

अगर आपके मन में बदला लेने का विचार है, तो आप मेरे साथ कुछ भी कर सकते हैं, लेकिन पार्टी के लोगों को हाथ भी नहीं लगाएंगे। उन्होंने दावा किया कि घटना वाले दिन, लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, वह करूर से जल्दी से निकल गए थे। विजय ने कहा कि यह समय राजनीति से ऊपर उठकर मानवता के साथ खड़े होने का है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई और कहा कि वे जल्द ही उनसे मिलकर उनका दुख बांटेंगे। विजय ने कहा, हम हमेशा पुलिस से सुरक्षित जगह पर रैली करने की अनुमति लेते हैं। लेकिन इस बार जो नहीं होना चाहिए था, वही हुआ। मैं गहरी पीड़ा में हूं और इस घटना का सच जल्द सामने आएगा। वीडियो संदेश में विजय ने संकेत दिया कि वह किसी भी तरह की जांच और कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि घटना के असली कारण जल्द ही उजागर होंगे। विजय ने अपने समर्थकों से शांति बनाए रखने की अपील की और कहा कि इस घटना को राजनीति से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए।

**छत्तीसगढ़ के नए मुख्य सचिव विकासशील ने....**

जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में जल जीवन मिशन के मिशन डायरेक्टर के पद पर अपनी विशिष्ट सेवायें दी।

विकासशील का जन्म 10 जून 1969 को हुआ था। उन्होंने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से बीई और फिर इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से एमई किया। उन्होंने सिरैक्यूज़ यूनिवर्सिटी अमेरिका से लोक प्रशासन में मास्टर और एक्जीक्यूटिव मास्टर डिग्री और स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन एवं नीति में एडवांस्ड स्टडी का सर्टिफिकेट कोर्स किया है।

**मुख्य सचिव के पदभार संभालते ही....**

प्रभार सौंपा गया है। प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा को विज्ञान एवं प्रद्योगिकी का अतिरिक्त प्रभार की जिम्मेदारी दी गई है। डॉ. रोहित यादव जनसम्पर्क विभाग का सचिव बनाया गया है। वहीं ऊर्जा, संस्कृति और पर्यटन, बिजली कम्पनी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जिला पंचायत रायगढ़ के सीईओ जितेंद्र यादव को राजनांदगांव का कलेक्टर बनाया गया है। वहीं जनसंपर्क विभाग के आयुक्त रवि मित्तल को विमानन विभाग के संचालनक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वित्त सचिव मुकेश बंसल को विमानन सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

**केंद्रीय कर्मचारियों को दिवाली का तोहफा....**

6 महीने की निरंतर सेवा दी हो। जिन कर्मचारियों ने पूरे साल सेवा नहीं दी है, उन्हें सेवा के महीनों के अनुपात में (प्रो-राटा आधार पर) यह बोनस प्रदान किया जाएगा। एड-हॉक बोनस की गणना के लिए मासिक वेतन की अधिकतम सीमा 7,000 रुपये तय की गई है। बोनस की राशि की गणना कर्मचारी के औसत वेतन या 7,000 रुपये (जो भी कम हो) के आधार पर की जाएगी। उदाहरण के लिएः यदि किसी कर्मचारी का मासिक वेतन 7,000 रुपये है, तो उसका 30 दिनों का बोनस लगभग 6,908 रुपये बनेगा। फॉर्मूलाः एक दिन के बोनस की गणना के लिए साल भर के औसत वेतन को 30.4 (महीने में औसत दिन) से भाग दिया जाएगा। फिर, इस राशि को 30 से गुणा किया जाएगा। आदेश में कैजुअल मजदूरों का भी ध्यान रखा गया है। ऐसे कैजुअल लेबर, जिन्होंने पिछले तीन वर्षों के दौरान निर्धारित कार्य दिवसों तक काम किया है, उन्हें 1,184 रुपये का निश्चित बोनस दिया जाएगा। इस घोषणा से त्योहारी सीजन के दौरान लाखों केंद्रीय कर्मचारियों और उनके परिवारों को बड़ी आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है।

**हाईकोर्ट ने निरस्त किया सहायक.....**

एक एकपक्षीय जांच की। जिसमें कुछ छात्राओं के बयान दर्ज किए गए। बिना याचिकाकर्ता को कोई नोटिस दिए या उनका पक्ष जाने इसी रिपोर्ट के आधार पर 23 सितंबर 2015 को निलंबन आदेश जारी कर दिया गया। याचिकाकर्ता की ओर से प्रकरण की पैरवी अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी ने की। उन्होंने दलील दी कि यह पूरा घटनाक्रम पूर्व नियोजित और दुर्भावनापूर्ण प्रतीत होता है। न तो किसी छात्रा ने पूर्व में कोई शिकायत की थी और न ही प्रीति साहू ने अपने कार्यकाल के दौरान ऐसी कोई बात उठाई थी। उन्होंने कहा कि अखबार में छपी खबर को आधार बनाकर व्यक्ति की छवि खराब करना और उसके आधार पर निलंबन जैसी सख्त कार्यवाही करना पूरी तरह अनुचित और असंवैधानिक है। राज्य शासन की ओर से यह तर्क दिया गया कि छात्राओं की शिकायतों के मद्देनजर यह निलंबन आवश्यक था, लेकिन अदालत ने इस तर्क को अस्वीकार करते हुए कहा कि सिर्फ शिकायतों या समाचार पत्र में प्रकाशित खबरों के आधार पर कोई कर्मचारी निलंबित नहीं किया जा सकता, जब तक कि उसके विरुद्ध उचित जांच, प्रमाण और सुनवाई न हो। न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि यद्यपि निलंबन एक दंडात्मक कार्रवाई नहीं होती, लेकिन यह व्यक्ति की सामाजिक प्रतिष्ठा और मानसिक स्थिति पर गहरा असर डालता है। जब यह कार्रवाई बिना उचित आधार, सुनवाई के अवसर और दृष्टिगोचर द्वेषपूर्ण मंशा के तहत की जाए तो यह न्याय के मूल सिद्धांतों के विपरीत हो जाती है। अंततः न्यायालय ने निलंबन आदेश (दिनांक 23.09.2015) को अवैध ठहराते हुए निरस्त कर दिया। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि चूंकि याचिकाकर्ता पहले से ही अंतरिम आदेश के अंतर्गत सेवा में वापस आ चुके हैं।

# परिक्रमा पथ में मिल रहे 31 देवियों के दर्शन, हावड़ा के तर्ज पर बनाए सात ब्रिज



डोंगरगढ़ (दावा)। पहाड़ों में विराजित मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने आने वाले दर्शनार्थियों को अब न केवल मंदिर की परिक्रमा करने की सुविधा मिलेगी, बल्कि इस पथ में उन्हें छत्तीसगढ़ में विराजित 31 देवियों के दर्शन भी होंगे। वन विभाग द्वारा बनाए गए विभिन्न वन्य प्राणियों और पक्षियों के संरक्षण की दिशा में तैयार किए गए परिक्रमा पथ से इको टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के अलावा देशभर के लाखों लोग हर साल दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। नवरात्र में यहां लगने वाले मेले ने भी राज्य में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। इसके साथ ही डोंगरगढ़ में प्रज्ञागिरी, चंद्रगिरी और प्रतिभास्थली का निर्माण होने के कारण यहां दर्शनार्थियों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। केंद्र सरकार द्वारा प्रसाद योजना के तहत जारी की गई राशि से भी यहां विकास काम अंतिम चरणों में चल रहे हैं। इधर राज्य सरकार ने मां बम्लेश्वरी मंदिर की परिक्रमा की नई सुविधा शुरू की गई है। सन 2016 में प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने परिक्रमा पथ के लिए राशि स्वीकृत की थी। एक दशक बाद यह प्रोजेक्ट हाल ही में पूर्ण किया गया है। परिक्रमा पथ का निर्माण पहाड़ी के चारों ओर किया गया है। डोंगरगढ़ शहर के मध्य में विभिन्न वन्य प्राणियों, जीव-जंतुओ और पक्षियों को प्राकृतिक आवास देने के साथ-साथ ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई इस पहल से दर्शनार्थियों को अब मंदिर परिसर की परिक्रमा करने का भी अवसर मिलेगा।

### साढ़े तीन किमी का पथ

वन विभाग द्वारा मंदिर की परिक्रमा करते हुए जंगल के बीच से होता हुआ परिक्रमा पथ तैयार किया गया है। जिसकी कुल लंबाई साढ़े तीन किमी है। परिक्रमा पथ के चारों ओर वनों के संरक्षण और संवर्धन के लिए चैनलिंग फेंसिंग का काम भी किया गया है।

पहाड़ी की सुंदरता को बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रजातियों के दस हजार पौधों का रोपण किया गया है। इससे परिजात वन, चंदन वन, त्रिफला वन, रुद्राक्ष वन और चम्पा वन तैयार किया गया है।

### देवी-देवताओं की मूर्तियां स्थापित

परिक्रमा पथ में छत्तीसगढ़ के प्रमुख देवी-देवताओं की 31 मूर्तियों की भी स्थापना की गई है। परिक्रमा पथ पर दर्शनार्थियों को मां बिलई माता धमतरी, मां महाकाली अडभार जांजगीर-चांपा, मां बंजारी माता रावाभाठा रायपुर, मां अन्नपूर्णा माता शिवरीनारायण, मां जतमई माता गरियाबंद, मां खल्लारी माता महासमुंद, मां अंगारमोती धमतरी, मां भद्रकाली माता बेमेतरा, मां महामाया रतनपुर के साथ ही दंतेश्वरी माता दंतेवाड़ा की प्रतिमाएं शामिल हैं। इसके साथ ही परिक्रमा पथ की दीवारों पर लोककला संस्कृति से जुड़ी चित्रकलाएं भी बनाई गई है।

# जनपद सदस्य संदीप मेश्राम ने किया क्रिकेट प्रति. का शुभारंभ

अंबागढ़ चौकी (दावा)। अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम ब्राह्मण भेड़ी में ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत सदस्य संदीप मेश्राम शामिल हुए। उन्होंने फीता काटकर विधिवत रूप से प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम के सरपंच नूमेश मंडावी ने की। इस मौके पर वीरेंद्र निषाद, नरेंद्र निषाद, गुलशन साहू, रवि कुमार, लकी साहू, किशोर साहू, रूपचंद साहू, मानिक साहू, ताराचंद निषाद, अजय कुंभकार, विनय कुमार, हेमंत साहू, चुम्मन नेताम, मनीष यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व आयोजन समिति के सदस्य और खिलाड़ी मौजूद रहे।

# सरपंच दीनदयाल साहू के प्रयास से हायर सेकेंडरी स्कूल करमरी में बना टीन शेड



विधायक निधि से निर्माण, छात्रों को गर्मी और बारिश से मिलेगी राहत

करमरी (दावा)। जिला राजनांदगांव के जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत करमरी स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में मंच के पास टीन शेड का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो गया है।

वर्षों से लंबित इस महत्वपूर्ण मांग को ग्राम पंचायत के सरपंच दीनदयाल (दीनू) साहू के अथक प्रयासों से विधायक निधि के तहत साकार किया गया है। टीन शेड का यह निर्माण स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। अब वे भीषण गर्मी और बारिश से बचते हुए स्कूल के सांस्कृतिक गतिविधियों को सुगमता से आयोजित कर सकेंगे। सरपंच दीनदयाल साहू ने इसे ग्राम पंचायत करमरी के सर्वांगीणीय विकास की दिशा में एक प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रांगण के मंच में टीन शेड निर्माण के लिए हमने भरपूर प्रयास किया। जिसमें हमारे ग्राम पंचायत के सभी पंचों सहित ग्रामवासियों का सहयोग मिला।

स्थानीय लोगों के अनुसार यह निर्माण कार्य विकासखण्ड छुरिया का शायद पहला ऐसा ग्राम पंचायत है। जहां स्कूल प्रांगण के मंच पर टीन शेड का निर्माण हुआ है। स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं और समस्त ग्रामवासियों ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए सरपंच दीनदयाल साहू के प्रति आभार जताया है।

यह पहल स्कूल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और बच्चों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।

# मिडिल स्कूल कल्लूबंजारी में प्रहरी क्लब का गठन



कल्लूबंजारी (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश के परिपालन करने एवं विद्यालयीन बच्चों में नशापान के प्रवृत्ति को रोकने के लिए प्रधानपाठक यु.एस.मंडावी के निर्देशन, बाल केबिनेट प्रभारी दिनेश कुमार कुरेटी के मार्गदर्शन एवं बाल केबिनेट के शाला नायिका कु.उरांसी कंवर के अध्यक्षता में बाल केबिनेट के अगुवाई में शाला के समस्त बच्चों की गत दिनों एक सभा आयोजित कर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी में प्रहरी क्लब का गठन किया गया। नशामुक्ति सभा को संबोधित करते हुए प्रधान पाठक यू.एस.मंडावी ने कहा कि बचपन से नशा से दूर रहकर अपनी जिन्दगी को संवारा जा सकता है।

बाल केबिनेट प्रभारी दिनेश कुमार कुरेटी के मार्गदर्शन में बाल केबिनेट के सदस्यों ने पूर्णतः नशामुक्ति के लिए शाला परिसर में चोरी-छुपे नशा का सेवन करने वाले बच्चों की सूचना देने वाले बच्चों को बाल केबिनेट की ओर से उचित ईनाम देने तथा चोरी-छुपे नशा का सेवन करने वाले बच्चों को समझाइश देकर नशामुक्त विद्यालय बनाने का निर्णय लिया गया है। नशामुक्ति सभा को शिक्षक द्वय ए.एस.ठाकुर एवं एस.आर.कार्ते ने भी संबोधित कर बच्चों को विद्यालय एवं घर में नशापान से दूर रहने का आव्हान किया। नशापान रोकने हेतु गठित प्रहरी क्लब शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के प्रभारी, सहायक प्रभारी एवं सदस्य इस प्रकार है- प्रभारी- दिनेश कुमार कुरेटी, सहायक प्रभारी- अखिलेश्वर सिंह ठाकुर, सदस्यगण- कु.उरांसी कंवर, ललेश्वर कुमार ताम्रकार, लीलाधर यादव, कु.गणेश्वरी गायकवाड़, लिकेश्वर पटेल, कु.रूपाली सिन्हा, लिलेन्द्र भारतद्वाज, कु. साधना निर्मलकर, भौमिक राज पटेल, कु.नम्रता मंडावी, कु.लिलिमा धुर्वे, गुंजन कुमार खिलोरिया एवं कु.केशर साहू शामिल है। इस अवसर पर नशापान नहीं करने का शपथ लिया गया तथा नशामुक्ति अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। प्रधान पाठक यू.एस. मंडावी ने प्रहरी क्लब के प्रभारी, सहायक प्रभारी एवं सदस्यों से नशामुक्ति के लिए गंभीरता एवं सजगता से काम करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर शिक्षकगण टी.आर. बढ़ई, आर.के.साहू आदि सहित शाला के समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# तीन फेरीवाले गायब, परिजनों ने नक्सलियों पर जाहिर की शंका अगवा करने की

बीजापुर। बस्तर संभाग के बीजापुर में तीन फेरीवाले पिछले डेढ़ महीने से गायब बताये जा रहे है। ये फेरीवाले गली-बाजार और गाँवो में में घूम-घूम कर कपड़े, कंबल और तिरपाल बेचते थे।

इस बीच परिजनों ने आशंका जाहिर किया है कि, संभवतः नक्सलियों ने उनको किसी तरह के शंका के आधार पर अगवा कर लिया है। हालांकि पुलिस की तरफ से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के महासचिव डी राजा ने सोमवार को सरकार से मांग करते हुए कहा कि, नक्सलियों द्वारा दिए गए प्रस्ताव को स्वीकार करे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर भाजपा और आरएसएस सत्ता में बने रहे, तो भारत का भविष्य साम्राज्यवादी होगा। डी. राजा ने संवाददाताओं से कहा, मैं मांग करता हूं कि सरकार नक्सलियों द्वारा दिए गए प्रस्ताव को स्वीकार करे।

# 'मोर गाँव के नाव ससुरार मोर नाव दमाद' नाटक का हुआ मंचन, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में



नाट्य विभाग की शानदार प्रस्तुति ने बांधा समां

खैरागढ़ (दावा)। मोर गांव के नांव ससुरार, मोर नांव दामाद नाटक का मंचन इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा के संरक्षण में हुआ। कार्यक्रम की मार्गदर्शन प्रो.मृदुला शुक्ल अधिष्ठाता कला संकाय रहीं।

विशेष अतिथि के रूप में प्रभारी कुलसचिव डॉ.सौमित्र तिवारी उपस्थित रहे। नाटक 'गाँव के नाव ससुरार मोर नाव दमाद' हबीब तनवीर द्वारा निर्देशित एक प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी नाचा शैली का नाटक है, जिसने 1972 में बहुत वाहवाही लूटी थी। यह नाटक छत्तीसगढ़ की स्वदेशी नाट्य परंपरा से प्रेरित है और इसमें कलाकारों की प्रतिभा का महत्व दिखाया गया है। इस नाटक की कथा वस्तु की ओर ध्यान दें, तो इसमें एक बूढ़े आदमी के चतुरता और एक लड़की की शादी किस प्रकार सिर्फ़ पैसों के लालच में किसी भी व्यक्ति से कर दी जाती है, दिखाया गया है। इसमें एक महिला के साथ हुई नाइंसाफ़ी को दिखाया गया है जो समाज को बहुत बड़ी सीख देती है।

इस नाटक के नाटककार हबीब तनवीर हैं जो भारत के मशहूर पटकथा लेखक, नाट्य निर्देशक, कवि और अभिनेता थे। इन्होंने मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के लोकनाट्य नाचा को पूरी दुनिया में एक नयी ऊँचाई प्रदान की है, नाचा के कलाकारों को बड़े से बड़ा मंच प्रदान करवाये हैं, जैसे आगरा बाज़ार, चरनदास चोर, बहादुर कलारीन। उक्त नाटक की परिकल्पना एवं निर्देशन नाट्य विभाग के अतिथि व्याख्याता डॉ.प्रमोद पाण्डेय एवं डॉ. शिशु कुमार सिंह ने किया। संगीत परिकल्पना अतिथि व्याख्याता डॉ.परमानंद पाण्डेय की रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो (डॉ). लवली शर्मा ने कहा कि कम समय में दो अतिथि व्याख्याताओं के द्वारा इस शानदार नाटक का आयोजन यह बताता है, कि हमारे विश्वविद्यालय में बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल रही है।

सभी कलाकारों ने अपना पक्ष बेहतर निभाया है। इस नाट्य मंचन के लिए सभी कलाकारों को बधाई दी। प्रभारी कुलसचिव ने बेहतर प्रस्तुति के लिए सभी को बधाई दी। प्रो. मृदुला शुक्ल ने आयोजन में उपस्थिति एवं प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से नाट्य प्रस्तुति में योगदान के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी की अपनी-अपनी भूमिका होती है तभी नाटक सफल हो पाता है। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षकगण, शोधार्थी एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# कथक नृत्य पर शोध के लिए तृप्ति चैतेन्द्र तिवारी को पीएचडी उपाधि



खैरागढ़ (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित कला साधिका एवं राज फैमिली वार्ड निवासी तृप्ति चैतेन्द्र तिवारी ने अपनी शैक्षणिक यात्रा में एक और उपलब्धि दर्ज की है। इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ ने उन्हें पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया है।

शुक्रवार को जारी अधिसूचना के अनुसार तृप्ति चैतेन्द्र तिवारी ने कथक नृत्य के विकास में छत्तीसगढ़ के शैक्षणिक संस्थाओं में कार्यरत महिला कलाकारों का योगदान विषय पर शोध कार्य पूर्ण किया। यह शोध विवि के कथक नृत्य विभाग में पदस्थ मार्गदर्शक डॉ. जीतेश गढ़पायले के निर्देशन में संपन्न हुआ। जिला पत्रकार संघ संरक्षक चैतेन्द्र तिवारी (बंटी) की धर्मपत्नी तृप्ति चैतेन्द्र तिवारी ने अपनी इस उपलब्धि को जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए इसका श्रेय पूर्व कुलपति प्रो. डॉ. मांडवी सिंह, मामा स्व. शंकर सिंह राजपूत, माता सरिता रानी तिवारी, सास कृष्णादेवी रामकृष्ण तिवारी, अपनी दोनों सुपुत्रियां अनन्या व अभिज्ञा, गुरुजनों, विवि परिवार सहित परिजनों को समर्पित किया। गौरतलब है कि बाल्यावस्था से तृप्ति चैतेन्द्र तिवारी कत्थक नृत्य की शिक्षा ले रही है।

आठ वर्षीय डिप्लोमा कोर्स के बाद उन्होंने कत्थक नृत्य मे बीए. एमए और एम फिल किया। उसके बाद कत्थक गुरु डॉ. जितेश गढ़पायले के मार्गदर्शन मे शोध कार्य पूरा किया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि खैरागढ़ की सांस्कृतिक धरोहर और यहां की कला-परंपरा के लिए भी गर्व का विषय है।

# दुनिया की समस्याओं का समाधान निकालने पत्रकारों को आगे आना होगा - तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धरमानी




ब्रह्माकुमारीज के राष्ट्रीय मीडिया महासम्मेलन में तैयार हुआ एक्शन प्लान
सूचना तक पहुंच आसान, लेकिन सही सूचना पाना हुआ मुश्किल

आबू रोड़ (ब्रह्माकुमारीज)। ब्रह्माकुमारी के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय शांतिवन में 26 सितंबर से चल रहे राष्ट्रीय मीडिया कॉन्फ्रेंस का विदाई सत्र कई महत्वपूर्ण संदेशों के साथ संपन्न हुआ। इस सत्र को हिमाचल प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धरमानी ने संबोधित किया।

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धरमानी ने पत्रकारों का आह्वान करते हुए कहा कि आज दुनिया के सामने कई चुनौतियां हैं, जिनके समाधान के लिए पत्रकारों को आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा मीडिया सूचना प्राप्त करने का एक जरिया है। जो आप बताते हैं, लोग उसे सच मानते हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज जहां सूचना प्राप्त करना आसान हुई है।

वहीं सही सूचना का पता लगाना ज्यादा मुश्किल हो गया है। उन्होंने ब्रह्माकुमारी के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था साधारण व्यक्ति में बदलाव ला रही है, लेकिन मुख्यधारा का मीडिया, खासकर प्राइम टाइम, ऐसी सकारात्मक खबरों को प्रमुखता नहीं दे रहा है।

### सकारात्मकता और आध्यात्म पर जोर

सत्र को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी के सेक्रेटरी जनरल मृत्युंजय भाई ने कहा कि आज ब्रेकिंग न्यूज देखकर ऐसा लगता है जैसे तृतीय विश्व युद्ध कभी भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में विश्व में सुख-शांति स्थापित करने वाले परमपिता परमात्मा इस धरा पर अवतरित होकर नई शिक्षा दे रहे हैं, जो हमें मैं कौन हूँ? और कहाँ से आया हूँ? यह याद दिलाती है।

पूर्व डायरेक्टर जनरल, प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो भारत सरकार देवेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि एक बेहतर दुनिया के लिए मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है। खासकर ऐसे दौर में जहां विश्वास की बहुत कमी है, न केवल मीडिया में बल्कि व्यक्तिगत संबंधों में भी। उन्होंने जोर दिया कि आध्यात्मिक ज्ञान के बिना हम आगे नहीं बढ़ पाएंगे। डॉ. संतोष नायर, एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट, निम्स जयपुर ने मीडिया को सबसे शक्तिशाली लेकिन खतरनाक साधन बताते हुए कहा कि मीडिया किसी को बना भी सकता है और बिगाड़ भी सकता है। उन्होंने मीडिया को लक्ष्य केंद्रित होकर चलने की सलाह दी।

### एक्शन प्लान और अंतरात्मा की अदालत

मीडिया विंग की उपाध्यक्ष बीके सरला दीदी ने पांच बिंदुओं वाला एक्शन प्लान सबके सामने रखा, जिसका उद्देश्य दुनिया की बिगड़ती हालत को सुधारने के लिए सामूहिक प्रयास करना है। बीबीसी के पूर्व पत्रकार और पूर्व सूचना आयुक्त राजस्थान नारायण बरेठ ने पत्रकारों को अपनी अंतरात्मा की आवाज को सबसे बड़ी अदालत मानने को कहा। उन्होंने अफसोस जताया कि मरी हुई आत्मा का मीडिया समाज का भला नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि आज मीडिया खौफ का कारोबार चला रहा है और हम सच बताना बंद कर चुके हैं। राष्ट्रीय पत्रकारिता महासम्मेलन में तय किए गए एक्शन प्लान का देवेंद्र मलिक और मधुकर द्विवेदी ने समर्थन किया। कार्यक्रम के अंत में यूएसए की बीके डॉ. बिन्नी सरीन दीदी ने राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया। विदाई सत्र का संचालन मीडिया विंग की राष्ट्रीय संयोजक बीके चंदा ने किया।

# लोक गायक क्रांति कार्तिक यादव के पिता कार्तिक यादव का आकस्मिक निधन

राजनांदगांव (दावा)। जिला कोसरिया यादव महासभा राजनांदगांव के संरक्षक, सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं सुप्रसिद्ध लोक गायक क्रांति कार्तिक यादव के पिताजी कार्तिक यादव का सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन से यादव समाज और कला जगत में शोक की लहर है। स्व. कार्तिक यादव एक सम्मानित व्यक्तित्व थे, जो सेवानिवृत्त व्याख्याता के रूप में शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान देने के साथ-साथ कोसरिया यादव महासभा के संरक्षक के तौर पर सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय थे। उनकी आकस्मिक मृत्यु से परिवार, समाज और उनके प्रशंसकों को गहरा सदमा लगा है। स्व. कार्तिक यादव की अंतिम यात्रा 29 सितंबर को बसंतपुर स्थित निवास से मठपारा मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन, गणमान्य नागरिक और कला प्रेमी शामिल हुए।

# माँ दुर्गा पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला आरोपी गिरफ्तार



मोहला (दावा)। माँ दुर्गा को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में मोहला पुलिस ने खड़गाँव के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

मामले का संक्षिप्त विवरण है कि प्रार्थी अभिमन्यू कुमार पिता स्व.कपिल देव शर्मा निवासी वार्ड नं.11 सिद्धार्थ नगर मोहला थाना मोहला जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि अनावेदक नरेन्द्र मंडावी पिता स्व. दुरूगू राम मंडावी उम्र 41 निवासी दोरबा, खड़गॉव थाना खड़गॉव द्वारा धर्म हिंसा व्हाट्अप ग्रुप में मॉ दुर्गा के बारे में अभद्र टिप्पणी कर व्हाटसअप में फैलाया गया है। रिपोर्ट के बाद पुलिस अधीक्षक मोहला-मानपुर-अं.चौकी वॉय.पी.सिंह के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पिताम्बर पटेल व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ताजेश्वर दीवान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल देव चन्द्रा के नेतृत्व में मामले की गंभीरता को देखते हुये तत्काल थाना स्तर पर गठित सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा तत्काल अनावेदक नरेन्द्र मंडावी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। आरोपी ने अपने मोबाईल फोन के माध्यम से धर्म हिंसा व्हाट्अप ग्रुप में माँ दुर्गा माता के बारे में अपशब्दों का प्रयोग करना स्वीकार करने पर आरोपी नरेन्द्र मंडावी पिता स्व. दुरूगू राम मंडावी उम्र 41 निवासी दोरबा, खड़गॉव के विरूध्द अपराध क्रमांक 88/2025 धारा 298, 299, 353(1)(सी) बीएनएस पंजीबद्ध कर ज्यूडिसियल रिमांड पर न्यायालय पेश कर आरोपी को जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

# लाल बहादुर नगर में दिव्यांग एवं बुजुर्गो जनों का किया गया सम्मान

### प्रधानमंत्री के 'मन की बात' के 126वां संस्करण का कार्यकर्ताओं ने किया श्रवण



डोंगरगढ़ (दावा)। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत लाल बहादुर नगर शक्ति केंद्र में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहू, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे के द्वारा दिव्यांग एवं बुजुर्गो जनों का सम्मान श्रीफल एवं गमछा भेंट करके किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 126 वां संस्करण भी लाल बहादुर नगर में मंडल पदाधिकारी, नगर पंचायत जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा सुना गया। दोनों कार्यक्रम शक्ति केंद्र मुख्यालय लाल बहादुर नगर में संपन्न हुआ। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहू, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, मंडल महामंत्री हेमलाल वर्मा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष छबीधर साहू, बुथ अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ रजक, पार्षद रमेश यादव, श्रीमती चंद्रा सिन्हा, प्रमीला साहू, दिपक साहू, जमुना साहू, यशवंत साहू, देवा धनकर, लीलाधर साहू उपस्थित रहें।

# एशिया कप में पाकिस्तान के हार से कांग्रेस पार्टी मायूस

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के पूर्व अध्यक्ष अशोक चौधरी ने एशिया कप क्रिकेट फाइनल में भारत की शानदार जीत पर प्रधानमंत्री राष्ट्रपति एवं भाजपा और अन्य दलों के नेताओं द्वारा बधाई दी गई है।लेकिन शिव सेना उद्धव गुटऔर राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी में इस जीत से मायूसी छा गई है।

कांग्रेस पार्टी के नेता राशिद अल्वी ने कहा कि जीत के बाद पाकिस्तानी मंत्री एवं एशिया क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष जनाब नकवी से ट्रॉफी नहीं लेना राशिद अलवी को बहुत खराब लगा है, उनके हाव-भाव से ऐसा लगता है कि ट्रॉफी ना लेकर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी का बड़ा अपमान हो गया है इतना पाकिस्तान प्रेम कांग्रेस पार्टी को हो गया है कि अपने देश के खिलाड़ियों को बधाई के दो शब्द भी कांग्रेस के किसी नेता ने नहीं दिया। इसी तरह उद्धव गुट के शिवसेना नेता संजय राऊत ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार को जीत की बधाई तो नहीं दी उल्टे ट्रॉफी नहीं लेने पर खरी-खोटी सुनाई है इन दलों को भारत के मुकाबले पाकिस्तान की जीत पर खुशी मिलती भारत की जीत से उनके चेहरे पर मायूसी छा गई है देश की समस्त खेल प्रेमी और भारत की जनता सब देख रही है और पाकिस्तान प्रेम का खामियाजा विपक्षी पार्टियों को भुगतना पड़ेगा भुगतना पड़ेगा। यही नेता बड़ी-बड़ी बात करते हैं की खेल में राजनीति नहीं होनी चाहिए और यही लोग दोहरी चाल और चरित्र का उजागर करते हैं। श्री चौधरी ने कांग्रेस पार्टी एवं शिवसेना और वैसे ही सोच रखने वाली विपक्षी पार्टियों की भर्त्सना की है।

# आईटीआई डोंगरगढ़ में ई-पंजीयन एवं साक्षात्कार हेतु मार्गदर्शन शिविर 4 को

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डोंगरगढ़ में 4 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से राज्य स्तरीय रोजगार मेला में शामिल होने वाले आवेदकों के लिए ई-पंजीयन एवं साक्षात्कार हेतु मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में प्रशिक्षण सत्र 2022, 2023, 2024 एवं 2025 में आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक दस्तावेज, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन तथा दो पासपोर्ट साईज फोटो, बायोडाटा के साथ सम्मिलित हो सकते है। राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन अक्टूबर माह में रायपुर में आयोजित किया गया है।

# राजनांदगांव जिले के नए कलेक्टर होंगे जितेंद्र यादव



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में हाल ही में हुए एक बड़े प्रशासनिक फेरबदल के तहत जितेंद्र यादव (आईएएस 2019 बैच) को राजनांदगांव जिले का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राज्य के नए मुख्य सचिव द्वारा कार्यभार संभालने के बाद की गई एक महत्वपूर्ण 'प्रशासनिक सर्जरी' का हिस्सा है, जिसमें कलेक्टर स्तर पर भी बदलाव देखने को मिले हैं।

यह बदलाव वर्तमान कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के बाद हुआ है। जिसके चलते युवा और ऊर्जावान अधिकारी जितेंद्र यादव को अब राजनांदगांव जैसे महत्वपूर्ण जिले की कमान सौंपी गई है। राजनांदगांव जिले में कलेक्टर के पद पर ये उनकी पहली पोस्टिंग है। इसके पूर्व जितेंद्र यादव रायगढ़ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) के पद पर कार्यरत थे। इस दौरान उन्होंने रायगढ़ जिले में विभिन्न विकास और प्रशासनिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस नए प्रशासनिक फेरबदल से राजनांदगांव जिले में विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद है, खासकर तब जब राज्य में एक नई प्रशासनिक टीम सक्रिय हो रही है। श्री यादव का जन्म हरियाणा के रेवाड़ी जिले के ग्राम कारणवासा में 5 अगस्त 1990 को हुआ था। वहीं उनके पिता सुरेन्द्र सिंह यादव वायु सेना में थे। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही शासकीय स्कूल से पूरी की। इसके अलावा उन्होंने इंजीनियरिंग की डिग्री कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणा से इलेक्ट्रॉनिक्स और टेलीकॉम इंजीनियरिंग में हासिल की। जितेंद्र यादव इसके पहले आईपीएस के लिए चुने गए थे, फिर उन्होंने दोबारा परीक्षा देकर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के लिए 2019 बैच के अधिकारी के रूप में चयनित किये गए।

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

# राहुल गांधी को खुलेआम जान से मारने की धमकी, नहीं सहेगा हिन्दुस्तान: कुलबीर

## धमकी देने वाले भाजपा प्रवक्ता पर सख्त कार्यवाही की मांग को लेकर कांग्रेसजनों ने सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा प्रवक्ता प्रिंटू महादेव द्वारा केरल के एक न्यूज चैनल पर लोकसभा नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ भयावह और जघन्य मौत की धमकी देते हुए खुलेआम घोषणा की है कि 'राहुल गांधी के सीने पर गोली मारी जाएगी।' जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार 30 सितंबर को कोतवाली थाने में नामजर्द शिकायत कर एफआईआर दर्ज करने व कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि लोकसभा के विपक्ष के नेता और भारत के अग्रणी राजनेता राहुल गांधी पर एक टेलीविजन में बहस के दौरान सोची-समझी और खौफनाक तरीके से प्रिंटू महादेव मौत द्वारा धमकी दे रहे हैं कि 'राहुल गांधी के सीने पर गोली मारी जाएगी' जो कि पूर्णता गलत है। सत्तारूढ़ दल के एक आधिकारिक प्रवक्ता द्वारा कहे गए ऐसे जहरीले शब्द न केवल राहुल गांधी के जीवन को खतरे में डालते हैं, बल्कि संविधान, कानून के शासन और हर नागरिक को मिलने वाले बुनियादी सुरक्षा आश्वासन को भी कमजोर करते हैं। यह एक तरह से हिंसा भड़काने के एक बेशर्म कृत्य है। इससे पहले राहुल गांधी की सुरक्षा का दायित्व संभाल रहे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने उनकी सुरक्षा को खतरे के बारे में बार-बार कई पत्र लिखे हैं। हैरानी की बात यह है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखा गया ऐसा ही एक पत्र रहस्यमय परिस्थितियों में मीडिया में लीक हो गया। जिससे ऐसा करने के पीछे की मंशा पर गंभीर सवाल उठते है। इस पृष्ठभूमि में यह केवल चिंताजनक है, बल्कि बेहद निंदनीय भी है कि भाजपा के एक प्रवक्ता ने इतनी हिम्मत दिखाई कि उन्होंने खुलेआम जान से मारने की धमकी दे दी। जिससे राहुल गांधी के खिलाफ हिंसा को जायज ठहराने के लिए रची जा रही एक बड़ी भयावह साजिश की बू आती है। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी से जुड़े या समर्थित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए राहुल गांधी को जान से मारने की धमकियां और हिंसा के आव्हान के कई मामले सामने आए हैं। केन्द्र की भाजपा सरकार स्पष्ट करें कि उनका क्या रूख है। क्या खुले तौर पर आपराधिक धमकी, जान से मारने की धमकियां और हिंसा की राजनीति का समर्थन करते है जो भारत के सार्वजनिक जीवन में जहर घोल रही है।

श्री छाबड़ा ने आगे कहा कि राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं है। यह उस लोकतांत्रिक भावना पर हमला है। जिसका वे प्रतिनिधित्व करते है। यह धमकी किसी छोटे से पदाधिकारी का लापरवाही भरा प्रकोप मात्र नहीं है। यह जानबूझकर फैलाए गए नफरत के जहरीले माहौल का प्रतीक है, जो विपक्ष के नेता को बिना सोचे-समझे हिंसा का शिकार बना देता है। ऐसे में केन्द्र की भाजपा सरकार की ओर से त्वरित निर्णायक और सार्वजनिक रूप से कार्रवाई करने में किसी भी तरह की विफलता को विपक्ष के नेता के खिलाफ हिंसा को वैध और सामान्य बनाने के लिए मिलीभगत है। कांग्रेस पार्टी पुलिस को सौंपे ज्ञापन मे तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग करता है, ताकि न्याय शीघ्र, स्पष्ट और कठोर हो। सांसद व एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल के द्वारा आधार बिंदुओं को लेकर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र सौंपकर उचित कार्यवाही की मांग की है।

ज्ञापन के दौरान प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, रूपेश दुबे, डॉ. आफताब आलम, मेहुल मारू, फिरोज अंसारी, शरद खंडेलवाल, मोहिनी सिन्हा, आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, सुरेन्द्र देवांगन, मधुबाला श्रीवास्तव, मनीष सिमनकर, बबलू कसार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# नवरात्रि पर अलौकिक दृश्य : रानीसागर में 7001 दीपों से बनी माँ शक्ति की विशाल आकृति



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी के शनिदेव धाम रानीसागर द्वारा नवरात्रि के पावन पर्व पर एक अद्भुत और विशाल आयोजन किया गया। संस्थान ने त्रिवेणी परिसर में माँ शक्ति की एक विशाल आकृति को 7001 दीपों से उकेरकर एवं प्रज्वलित कर तैयार किया। दीपों से बनी यह भव्य और अलौकिक आकृति परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं के लिए आस्था और आकर्षण का केंद्र बनी रही। यह आयोजन नवरात्रि के दौरान धार्मिक उत्साह और भक्ति को दर्शाता है। जहां हजारों दीपों की रोशनी से पूरा परिसर जगमगा उठा और माँ शक्ति के प्रति गहरी श्रद्धा व्यक्त की गई।

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

# बाजार अतरिया में भीषण सड़क हादसा, युवक की दर्दनाक मौत, इस मार्ग पर सड़क हादसा थमने का नाम नहीं ले रहा

खैरागढ़ (दावा)। शहर के जिला मुख्यालय से 17 किलोमीटर दूर पर खैरागढ़ धमधा मार्ग के बीच में स्थित बाजार अतरिया पर स्थानीय भारत पेट्रोल पंप के पास सोमवार को दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार युवक को रौंद डाला। हादसा इतना भयानक था,कि युवक की मौके पर ही हालत गंभीर हो गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### अपने जीजा को छोड़कर गांव लौट रहा युवक को ट्रक ने रौंदा

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक युवक की पहचान मुकेश (24 वर्ष) पिता लखन सेन ग्राम चिंगली के रूप में हुई है। वह अपने जीजा को साल्हेवारा जंगल स्थित जुनवानी गांव छोड़कर लौट रहा था। पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने के बाद जैसे ही मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी धमधा की ओर से खैरागढ़ जा रहे ट्रक (नंबर सीजी04 पीसी2758) ने सामने से टक्कर मार दी और लगभग 20 फीट तक युवक को बाइक समेत घसीट दिया। हादसे में मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए और युवक की कमर से नीचे का हिस्सा पूरी तरह कुचल गया।



0 ग्रामीणों ने निजी वाहन से पहुंचाया अस्पताल
0 बाइक सवार को ट्रक ने 20 फीट तक घसीटा
0 समय पर मदद न मिलने से गई युवक की जान, परिजनों में मातम

### नहीं मिली 112 की मदद

ग्रामीणों ने तुरंत 112 पर कॉल किया, लेकिन नेटवर्क और सर्वर समस्या के कारण कई बार प्रयास करने के बावजूद समय पर मदद नहीं मिल सकी। अंततः स्थानीय लोगों ने टाटा एस गाड़ी की मदद से घायल युवक को खैरागढ़ सिविल अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताते हुए उसे राजनांदगांव रेफर कर दिया। परिजन उसे भिलाई शंकराचार्य अस्पताल ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में मोहंदी गांव के पास ही उसने दम तोड़ दिया। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए खैरागढ़ सिविल अस्पताल लाया गया और परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद मौके पर हाईवे पेट्रोलिंग व पुलिस बल तैनात किया गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रशासन की लापरवाही पर नाराजगी जताई। फिलहाल पुलिस ने ट्रक और चालक को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गोलछा ज्वेलर्स में हुई चोरी का दूसरा आरोपी भी पुलिस के हत्थे चढ़ा

राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के गोलछा वस्त्रालय व ज्वेलर्स दुकान में हुई चोरी के दूसरे आरोपी को भी धर दबोचा है। पुलिस ने इस चोरी के आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था और उसे जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है। मंगलवार को पुलिस के हत्थे चढ़े दूसरे आरोपी को पकड़कर उसके पास से चोरी गई चांदी के विभिन्न जेवरात व नगदी रकम 13 हजार रुपए बरामद की है।

कोतवाली थाना प्रभारी नंद किशोर गौतम ने बताया कि गत दिनों प्रार्थियां श्रीमती सपना गोलछा पति नरेन्द्र कुमार गोलछा उम्र 53 वर्ष निवासी विनय फेम के बाजू तेलीपारा आजाद चौक ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि 24 सितंबर को देर शाम 8 बजे से 26 सितंबर को साढ़े 10 बजे के मध्य इसकी गुड़ाखु लाईन स्थित गोलछा वस्त्रालय एवं ज्वेलर्स दुकान में रखे चांदी के विभिन्न प्रकार के आभूषण किमती 1,50,000 रूपये सहित नगदी रकम 15 हजार रूपये को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। इस रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलॉफ अप.क्र. 573/25 धारा 331 (4), 305(ए) बीएनएस कायम कर प्रकरण में विवेचना के दौरान एक आरोपी गणेश राजपूत पिता गोपी राजपूत उम्र 36 वर्ष निवासी सिनेमा लाईन को 27 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। दूसरा आरोपी राजेन्द्र राजपूत पिता स्व. भगतसिंह राजपूत उम्र 29 साल निवासी ब्राम्हणपारा घटना बाद से भाग गया था। जिसकी पतासाजी की जा रही थी।



आरोपी से चोरी के जेवरात व नगद राशि की जब्त, गिरफ्तार कर भेजा जेल

### घेराबंदी कर पकड़ा गया फरार आरोपी

उक्त हेतु गठित टीम द्वारा मंगलवार 30 सितंबर को आरोपी को मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपी गणेश राजपूत के साथ चोरी करना स्वीकार किया, जिसके कब्जे से चोरी गया चांदी के दो चाबी गुच्छा, दो सिक्के, एक जोडी पायल एवं नगदी रकम 13 हजार रूपये बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ पर्याप्त सबूत पाये जाने पर उसे गिरफ्तार कर जेल में दाखिल किया गया है।

आवश्यकता है
प्रेस में रात्रिकालीन मशीन में कार्य करने हेतु हेल्पर आवश्यकता है।
-: संपर्क :-
दैनिक 'दावा' कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो.- 93004-14726

# संस्कारधानी में सम्प्रदायिक सद्भाव का उत्कृष्ट उदाहरण, माँ के भक्तों की सेवा में जुटे मुस्लिम



एबीस ग्रुप के टेकाहरदी पंडाल से आपसी भाईचारे का संदेश

*आईबी ग्रुप के कार्यपालक निदेशक अंजुम अल्वी ने बताया कि विगत 42 वर्षों से पूर्व से ही रायपुर नाका स्थित वर्कशॉप में पदयात्रियों के लिए एबीस ग्रुप के चेयरमेन सुल्तान अली, प्रबंध निदेशक बहादुर अली द्वारा मटकों में शीतल जल व शरबत, फलों का इंतेजाम किया जाता रहा है और अब लगातार विगत 22 वर्षों से दोनों नवरात्रि पर्व पर ग्राम टेकाहरदी में भव्य पण्डाल लगाकर पद्यात्रियों के आराम करने हेतु गद्दे, पंखा, कुलर, भोजन, नाश्ता संगीत आदि का सुव्यवस्थित इंतेजाम किया जाता है, जो हिन्दु मुस्लिम एकता की एक शानदार मिसाल है।*

राजनांदगांव (दावा)। शारदीय कुंवार नवरात्री में मां बम्लेश्वरी के पदयात्रियों की मुस्लिम समुदाय भी सेवा कर रहे हैं। टेकाहरदी स्थित एबीस ग्रुप के पंडाल में आपसी भाईचारे का संदेश लिए मुस्लिम धर्मावलंबी पदयात्रियों की आवभगत में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। एक ओर हिन्दू समुदाय शारदीय नवरात्र पर्व के भक्ति में लीन है तो पांच वक्त की नमाज़ अदा करते मुस्लिम पदयात्रियों की सेवा सत्कार में डटे हुए हैं।

नवरात्र पर्व पर मां बम्लेश्वरी के दर्शनार्थियों की सेवा-जतन में मध्य भारत का अग्रणी कृषि आधारित उद्योग 'एबीस ग्रुप' भी हाथ बंटा रहे है। टेकाहरदी में एबीस ग्रुप के द्वारा बनाए गए पंडाल में भक्तों का खूब ख्याल रखा जा रहा है। श्रद्धालुओं की सेवा सत्कार में आईबी ग्रुप के जिम्मेदार सदस्यों की ओर से बेहतर इंतजाम किए गए हैं। बताया जाता है कि मां के दरबार में माथा टेकने के लिए पैदल निकले श्रद्धालुओं को ग्रुप के जरिये स्वादिष्ट व्यंजन पोहा, चाय नाश्ता परोसे जा रहे हैं। सुबह से लेकर देर रात तक नाश्ता और भोजन का पुख्ता इंतजाम किया गया है। वहीं व्रतधारी श्रद्धालुओं जो जा रहे हैं। उनके लिए उपवास के खानपान से भक्तों की थकान दूर की जा रही है। एबीस ग्रुप की ओर से नवरात्र पर्व पर विशेष ख्याल रखने के लिए पंडाल में अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही है। दूरदराज से पहुंचे भक्तों की आवभगत में ग्रुप बढ़-चढ़कर भाग ले रहा है।

एबीस ग्रुप की ओर से बताया गया है कि हर साल दोनों नवरात्रि के मौके पर सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए भक्तों की सेवा जतन में कोई कसर नहीं छोड़ी जाती। लिहाजा हर साल विशेष पंडाल लगाकर मां के भक्तों के लिए बेहतर इंतजाम करने का प्रयास किया जाता है। बहरहाल एबीस ग्रुप जनहित से जुड़े कार्यों के प्रति बेहतर कर्तव्य का निर्वहन कर रहा है। पंडाल की व्यवस्था देखकर दूर-दराज से पहुंच रहे श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक रहता है। इस पवित्र सेवा में शेख ग्यासुद्दीन भाई, शेख नवाबुद्दीन, सिराज मोहम्मद अशरफी, शकील सिद्दीकी आदि मुस्लिम भाईयों का सहयोग मिल रहा है।

# महतारी एक्सप्रेस को बदनाम करने की साजिश निंदनीय : कोमल सिंह राजपूत



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे उन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। जिनमें महतारी एक्सप्रेस जैसी गर्भवती महिलाओं की सेवा हेतु समर्पित योजना को शराब तस्करी से जोड़कर बदनाम करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि महतारी एक्सप्रेस महिलाओं और मातृत्व सुरक्षा के लिए चलाई जा रही योजना है। जिसका दुरुपयोग कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कहीं किसी स्तर पर लापरवाही या दुरुपयोग की घटना सामने आई है तो दोषियों पर कठोर कार्रवाई होगी, लेकिन इसे भाजपा सरकार की नीति या नीयत से जोड़ना सरासर झूठ और जनता को गुमराह करने की राजनीति है। कांग्रेस बताएं कि क्या उनके शासनकाल में एंबुलेंस और शासकीय संसाधनों का दुरुपयोग नहीं होता था? उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए जनता की योजनाओं को लूटने का काम किया और अब जब भाजपा सरकार पारदर्शी ढंग से योजनाओं को आम जनता तक पहुंचा रही है तो कांग्रेस केवल भ्रम फैलाने और बदनाम करने का असफल प्रयास कर रही है। विशेषकर राजनांदगांव की हर घटना को तोड़-मरोड़कर विधानसभा अध्यक्ष जैसे गरिमामय पद को विवादों में घसीटना कांग्रेस की हताशा और ओछी मानसिकता को दर्शाता है। जनता जानती है कि कांग्रेस के नेताओं की असली चिंता जनता नहीं, बल्कि अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाना है। भाजपा सरकार किसी भी दोषी को बख्शने वाली नहीं है, लेकिन अफवाह फैलाने वाले कांग्रेस नेताओं को भी जनता कभी माफ नहीं करेगी। सरकार ने इस विषय पर दोषियों के खिलाफ शक्त कार्यवाही चालू कर दी है दोषियों को किसी भी हालत में नहीं बख्शा जाएगा।

नवरात्रि के शुभ अवसर पर विशेष छूट
नारी सुहाग में विश्वास का प्रतीक
थोक व चिल्हर विक्रेता
(Less Then MRP)
चांदनी सुहाग भण्डार एवं जनरल स्टोर्स
गुड़ाखू लाईन राजनांदगांव (छग)
मो. - 9302435886,9827951560




शिव बोरवेल्स एण्ड पंप्स
नंदई चौक, राजनांदगांव
98271-56852
94241-15737
(हेमन्त साहू)
सभी प्रकार के सब-मर्सिबल पंप के विक्रेता...

दैनिक दावा
मासिक बिल
माह-सितम्बर 2025

| प्रति दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 29 दिन | 4 /- | 116/- |
| 1 दिन अवकाश | | |
| 30 दिन | योग | 116 /- |

व्यवस्थापक

भूखंड बेचना है
खसरा नंबर 114/118 का 5000 स्क्वेयर फीट का डायवर्सन किया हुआ भूखंड, पुराना ढाबा रोड शांतिनगर गली क्रमांक -3 राजनांदगाव में MD ग्रुप धुमाल के सामने (गूगल मैप लोकेशन पर) बेचना है।
अधिक जानकारी इस मोबाईल नंबर पर 9977073256 सम्पर्क करें।
नोट :- अलग-अलग साईज में भी भूखंड दिये जा सकते है।

सूचना
घुमका एजेंसी बदली दैनिक दावा समाचार पत्र की प्रतियाँ
''साहेब बंदगी न्यूज एजेंसी''
अधिकृत प्रतिनिधि - लोचन प्रसाद निर्मलकर
मोबाईल नंबर - 9630844364 से प्राप्त करें।
लेख-आलेख, समाचार, विज्ञापन संकलन हेतु सहयोग करें।
व्यवस्थापक
दैनिक 'दावा', बल्देव बाग, राजनांदगांव

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com